* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
10 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 170

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका पहुंचीं, वर्ल्ड बैंक और आइएमएफ की बैठकों में हिस्सा लेंगी






## पंचायत सचिव भर्ती का रिजल्ट हुआ जारी 1633 अभ्यर्थी सफल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पंचायत सचिव भर्ती परीक्षा का आंशिक रिजल्ट जारी कर दिया है। यह भर्ती इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2017 के तहत हुई है। जारी रिजल्ट के अनुसार, पंचायत सचिव (ग्रामीण विकास विभाग), नियमित भर्ती के तहत 1517 और बैकलॉग भर्ती के तहत 116 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है। इसमें कुल 1633 अभ्यर्थियों का चयन किया गया गया है।

### कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व में अलग अंदाज में दिखे पीएम

# बोम्मन और बेली से मिले मोदी, गन्ना भी खिलाया

- जंगल सफारी के लिये मजे, हाथियों ने किया पीएम का वेलकम




आजाद सिपाही संवाददाता

**बंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर थे। उन्होंने राज्य के बांदीपुर और मुदुमलाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया। पीएम ने यहां बाघों को बचाने के लिए 50 साल पहले शुरू किये गये प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने देश में बाघों की जनसंख्या के आंकड़े भी जारी किये।

पीएम मोदी सबसे पहले मैसूर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट टाइगर के कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ ही इस मौके पर प्रकाशन अमृत काल का विजन फॉर टाइगर कंजर्वेशन और स्मारक सिक्का भी जारी किया। पीएम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 2006 में बाघों की संख्या 1411, 2010 में 1706, 2014 में 2226, 2018 में 2967 और 2022 में 3167 थी। उन्होंने अमृत काल विजन और इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस (आइबीसीए) की नींव भी रखी। यह कई देशों का एक समूह है, जहां मार्जर प्रजाति के सात जानवर जैसे बाघ, शेर, हिम तेंदुआ, जगुआर, पुमा, टाइगर, लेपर्ड पाये जाते हैं। उन्होंने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के अंदर 20 किलोमीटर की सफारी का आनंद उठाया। वह इस टाइगर रिजर्व का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गये। बांदीपुर टाइगर रिजर्व भारत के शीर्ष बाघ अभ्यारण्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के नजारों का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आज की सुबह खूबसूरत बांदीपुर टाइगर रिजर्व में बितायी और भारत के जंगली जीवन, प्राकृतिक सुंदरता और अनेकता का मजा लिया। पीएम ने कहा कि दशकों पहले भारत से चीते विलुप्त हो गये थे। हम शानदार चीतों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लेकर आये। कुछ दिन पहले ही कूनो नेशनल पार्क में चार सुंदर शावकों ने जन्म लिया है। मोदी टाइगर रिजर्व में बिल्कुल अलग लुक में नजर आये।

# लोहरदगा में नक्सली कमांडर के करीबी राजू साहू के ईंट भट्ठे पर एनआइए का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में शनिवार की आधी रात को एनआइए और लोहरदगा पुलिस ने नक्सली कमांडर के करीबी राजू साहू के ईंट भट्ठा पर छापा मारा। यह कार्रवाई करीब पांच घंटे तक चली। एनआइए की टीम ने वहां से एक पिस्टल, छह कारतूस, जमीन और बैंक के कई कागजात बरामद किये हैं। सूत्रों के अनुसार ईंट भट्ठा मालिक द्वारा माओवादी रीजनल कमांडर, 15 लाख का इनामी रविंद्र गंझू का करोड़ों रुपये निवेश करने के सबूत एनआइए को मिले हैं। इसके बाद एनआइए की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। हालांकि छापेमारी की भनक पाकर राजू साहू फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इस मामले में स्थानीय पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। यह ईंट भट्ठा कुडू निवासी राजू साहू नामक व्यक्ति का है। राजू साहू पहले भी एनआइए की ओर से दर्ज मामले में जेल जा चुका है।

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई :** एनआइए की टीम ने माओवादी रीजनल कमांडर, 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू को पनाह देने, माओवादियों का समर्थन करने और माओवादियों का पैसा अलग-अलग व्यवसाय में लगाने के मामले में राजू के खिलाफ कार्रवाई की थी। एनआइए को माओवादी कमांडर और राजू साहू के बीच बातचीत के भी सबूत मिले हैं, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**जमानत पर बाहर था राजू साहू :** हाल में राजू साहू जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसी दौरान एनआइए को फिर से जानकारी मिली कि माओवादी कमांडर के साथ उसकी व्यावसायिक नजदीकियां फिर से बढ़ गयी हैं। वह लगातार उसके पास आना-जाना कर रहा है। इसे लेकर एनआइए की टीम ने शनिवार की आधी रात को कुडू थाना पुलिस के साथ मिल कर ओपा स्थित ईंट भट्ठा में छापेमारी की, जिसमें एनआइए के हाथ कई महत्वपूर्ण चीजें लगी हैं।

# झारखंड बंद को लेकर अलर्ट पर पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की नियोजन नीति के खिलाफ और प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करने की मांग के समर्थन में आदिवासी संगठनों ने सोमवार 10 अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान किया है। इसके मद्देनजर पूरे राज्य में चौकसी बरतने के आदेश दिये गये हैं। पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है। राज्य मुख्यालय में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आइजी अमोल विष्णुकांत होमकर ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल किसी भी अप्रिय वारदात को रोकने के लिए मुस्तैद है। सोमवार के झारखंड बंद को लेकर झारखंड यूथ एसोसिएशन ने रविवार की शाम रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मशाल जुलूस निकाला। इस बीच आदिवासी सेंगेल अभियान के प्रमुख और पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने रविवार को कहा कि आदिवासी संगठनों ने बंद को वापस ले लिया है। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा है कि 11 अप्रैल से सरना धर्म कोड और मरांग बुरु बचाओ समेत कई मांगों के समर्थन में पांच राज्यों में अनिश्चितकालीन चक्का जाम के फैसले को भी फिलहाल स्थगित किया जाता है।

# उत्तरप्रदेश में निकाय चुनावों का एलान, 4 और 7 मई को वोटिंग, 13 को मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनाव का एलान कर दिया है। चार मई को निकाय चुनाव की शुरुआत हो जायेगी, जो सिर्फ दो चरणों में होगी। पहले चरण में चार मई को वोटिंग होगी, जबकि सात मई को दूसरे चरण का मतदान होगा। हर फेज में नौ मंडलों में चुनाव होगा। वहीं वोटों की गिनती 13 मई को होगी। चुनाव के दौरान 4.27 करोड़ वोटर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भी लागू कर दी गयी है। रविवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनावों का एलान किया। इसके तहत 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पहले चरण का नामांकन होगा। 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक दूसरे चरण का नामांकन किया जायेगा। प्रत्याशियों को सिंबल आवंटन 21 अप्रैल को होगा। बता दें कि उत्तरप्रदेश के 17 नगर निगम, 199 नगरपालिका और 543 नगर पंचायत चुनावों के लिए मतदान कराये जायेंगे। इसके अलावा तकरीबन चार हजार पार्षद इस प्रक्रिया के तहत चुने जायेंगे। बीते दिनों उत्तरप्रदेश सरकार ने निकाय चुनावों को लेकर आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत महिलाओं के लिए 288 सीटें आरक्षित की गयी हैं। इसके अलावा ओबीसी के लिए 205 सीटें, एससी के लिए 110 और एसटी के लिए दो सीटें आरक्षित की गयी हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर पेंच फंसने के बाद ही दिसंबर 2022 में होनेवाले चुनाव को अब कराया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार की ओर से जारी ओबीसी आरक्षण की अधिसूचना को खारिज कर दिया था और बिना आरक्षण ही चुनाव कराने के निर्देश दिये थे।

## 14 के बाद राहुल के खिलाफ दर्ज करायेंगे मानहानि का मामला : हिमंत बिस्व सरमा

**गुवाहाटी (आजाद सिपाही)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। रविवार को उन्होंने कहा कि राहुल ने जो ट्वीट किया, वह अपमानजनक है। एक बार पीएम नरेंद्र मोदी यहां से वापस चले जायेंगे तो 14 अप्रैल के बाद उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया जायेगा। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि वह अभी भी अरविंद केजरीवाल के निमंत्रण का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि पीएम मोदी सरूसजई स्टेडियम में कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह नामरूप में 1709 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित नये असम पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड 500 परियोजना टीपीडी मेथनॉल का उद्घाटन करेंगे।




# राजस्थान में सियासत गरम, गहलोत सरकार के खिलाफ धरना देंगे पायलट

- वसुंधरा से मिलीभगत पर उठाये सवाल
- घोटालों की जांच नहीं कराने का आरोप





आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के बागी कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को एक बार फिर प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को खुल कर टारगेट किया। पायलट ने गहलोत-वसुंधरा में गठजोड़ और मिलीभगत के सवाल खड़े करते हुए दोनों को जम कर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोप लगा कर कांग्रेस सत्ता में आयी है। गहलोत के साथ मैंने और सभी कांग्रेस नेताओं ने पिछली सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोप लगाते हुए जनता से वादा किया था कि कांग्रेस सरकार आयेगी, तो पूरी जांच करायी जायेगी और आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा। लेकिन दुख की बात है कि करीब साढ़े चार साल का समय कांग्रेस को सत्ता में रहते हो गया, अब तक कोई जांच नहीं करायी गयी।

### कल शहीद स्मारक पर अनशन करेंगे

पायलट ने कहा कि पिछली वसुंधरा सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच के लिए ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में वह 11 अप्रैल को अपनी ही कांग्रेस सरकार के खिलाफ जयपुर के शहीद स्मारक पर एक दिन का धरना देंगे और अनशन करेंगे। पायलट ने कहा कि उनकी मांग पिछली वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों की जांच की है, क्योंकि छह महीने बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। पायलट ने कहा कि यह एक दिन का अनशन रहेगा। उन्होंने प्रशासन को इसकी सूचना दे दी है। पायलट ने कहा, मैंने सीएम को चिट्ठियां लिखीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनता में मैसेज देना जरूरी है कि कांग्रेस और भाजपा में मिलीभगत नहीं है। मैंने कांग्रेस आलाकमान को जो सुझाव दिये, राहुल गांधी को सुझाव दिये, उनमें ये एक यह भी था। पायलट सुबह 11 बजे से अनशन पर बैठेंगे।

पायलट ने पूछा कि सीएम गहलोत की सरकार ने अब तक पिछली वसुंधरा राजे की सरकार के घोटाले और भ्रष्टाचार की जांच क्यों नहीं करायी? यह चिंता की बात है, जबकि मैं दो बार सीएम गहलोत को इसके लिए पत्र लिख चुका हूं। अब चुनाव में छह महीने बाकी हैं। जनता हमसे यह सवाल पूछ रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मन में यह सवाल है। इसलिए जवाब देना जरूरी है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



# 'मिशन यूपी' के लिए भाजपा ने तैयार किया मेगा प्लान

## विपक्षी खेमे में बिखराव, सोशल इंजीनियरिंग और मुस्लिमों में पैठ के जरिये सभी 80 सीटें जीतने का है प्लान

**आजाद सिपाही विशेष**

**अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में अभी से बिसात बिछनी शुरू हो गयी है। यूपी में सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर भाजपा का फोकस इस राज्य पर सबसे अधिक है। पार्टी ने प्रदेश में 'मिशन 80' का प्लान बनाया है। अगर भाजपा इसमें सफल हो जाती है, तो उसके लिए 2024 की राह एकदम आसान हो जायेगी। इस मेगा प्लान के तहत भाजपा ने तीन तरफा रणनीति तैयार की है। इसमें विपक्षी खेमे में बिखराव का लाभ उठाने, सोशल इंजीनियरिंग पर अधिक ध्यान देने और धार्मिक अल्पसंख्यकों, खास कर मुस्लिमों में पैठ बनाने की योजना शामिल है। भाजपा ने इस रणनीति को जमीन पर उतारने के लिए काम भी शुरू कर दिया है। एक तरफ केंद्रीय नेतृत्व मुस्लिमों के बीच जाने का सिलसिला शुरू कर चुका है, तो दूसरी तरफ यूपी के मंत्रियों को उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए कहा गया है, जहां पिछली बार भाजपा को काफी कम अंतर से हार मिली थी। इन मंत्रियों के जिम्मे उन सीटों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करने के साथ विपक्षी खेमे में बिखराव की संभावनाओं को तलाशना भी है। दूसरे चरण में राज्य के मंत्री उन सीटों पर फोकस करेंगे, जहां पिछली बार जीत का अंतर काफी कम था। इन सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग के तहत दलितों और पिछड़ों के साथ सवर्णों का समन्वय बनाया जायेगा, ताकि भाजपा के वोटरों के बीच जातीय खेमेबंदी को कम किया जा सके। भाजपा के इस मेगा प्लान का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश में अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल अपने-अपने किलों को मजबूत कर रहे हैं और रणनीतियां बना रहे हैं। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश का राजनीतिक माहौल क्या है और लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा ने इस राज्य के लिए क्या रणनीति तैयार की है। उत्तरप्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं और दिल्ली की सत्ता की चाबी इसी राज्य के पास है। ऐसे में यूपी का सियासी नजरिये से सर्वाधिक महत्वपूर्ण राज्य होना स्वाभाविक है।

### क्या है भाजपा का प्लान

भाजपा ने जहां यूपी की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है, वहीं सपा उसे सभी 80 सीटों पर हराने का दावा कर रही है। दोनों के दावे उनके पक्ष में किसी बड़ी लहर से ही पूरे हो सकते हैं। भाजपा के लिए स्थिति अनुकूल इसलिए है, क्योंकि पार्टी जनवरी में अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण पूरा होने को बड़े अवसर के रूप में देख रही है। विपक्ष भी सत्ताधारी दल की इस रणनीति को नजरअंदाज करने की भूल नहीं करना चाहता। इसलिए भाजपा को अब हर कदम बड़ी सतर्कता के साथ उठाना होगा।

### भाजपा के साथ आने लगे हैं मुसलमान

भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पारदर्शी सरकार दे रही है। अब तक जो मुसलमान भाजपा से परहेज करते थे, वे भी साथ आने लगे हैं। एएमयू के कुलपति प्रो तारिक मंसूर को एमएलसी बनाया जाना इसका ताजा उदाहरण है। भाजपा के पक्ष में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण नहीं होता, बल्कि उसकी राष्ट्रवादी नीतियां, पारदर्शी कार्यशैली और संविधान के अनुरूप सबको आगे बढ़ने के समान अवसर ही उसकी ताकत है। इसलिए विपक्षी दलों की कोई भी चाल जनता को रास नहीं आनेवाली है। इस संपर्क अभियान में मुख्य भूमिका केंद्रीय नेतृत्व की है, जो काम पर लग भी गया है।




**2024 में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन तरफा रणनीति**

अभी से अमित शाह ने यूपी में कमान संभाल ली है।

भाजपा ने इन बिंदुओं को अपने मेगा प्लान का हिस्सा बनाया है। इस तीन तरफा प्लान का दूसरा हिस्सा उन 14 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना है, जहां 2019 में पार्टी हार गयी थी। इन सीटों पर यूपी के मंत्रियों को भेजा जाने लगा है, जहां से वे ग्राउंड रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को देंगे। इस रिपोर्ट में स्थानीय मुद्दों की पहचान, विपक्षी खेमे की कमजोरियां और भाजपा के संभावित प्रत्याशी की छवि का आकलन शामिल होगा। तीसरे चरण में भाजपा उन 36 सीटों पर फोकस करेगी, जहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक हजार से लेकर एक लाख के बीच था। पार्टी हर हाल में इस अंतर को बढ़ाना चाहती है। इसके लिए संबंधित सीटों के सामाजिक समीकरण को साधने के लिए मंत्रियों की टीम तैयार की गयी है, जो इलाके के जातीय नेताओं से बातचीत करेगी। भाजपा को विश्वास है कि सोशल इंजीनियरिंग का यह नायाब फॉर्मूला उसकी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### क्या हो सकती है विपक्ष की रणनीति

जहां तक विपक्षी दलों की रणनीति का सवाल है, यूपी में वोटों का बिखराव रोकना ही उनकी मुख्य रणनीति होगी। यह अभी से ही साफ दिखने लगा है कि भाजपा को रोकने के लिए प्रमुख दल गठबंधन से परहेज तो नहीं करेंगे, लेकिन उनकी अपनी सियासी महत्वाकांक्षाएं हैं, जो उनके बिखराव का बड़ा और अंतिम कारण बनेंगी। विपक्षी दलों की कोशिश है कि किसी भी दशा में धार्मिक ध्रुवीकरण न हो सके। कांग्रेस और सपा इसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। बसपा तो विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस से गठबंधन का प्रस्ताव ठुकरा चुकी है।

दूसरी तरफ भाजपा की रणनीति में इस बात को ध्यान में रखा गया है कि समाजवादी पार्टी यादव और मुस्लिम मतों को अपना कोर आधार मान कर चल रही है। कश्यप समेत अन्य पिछड़ी जातियों में भी यथासंभव सेंध लगाने का वह प्रयास कर रही है। यहां तक कि कांशीराम की विरासत पर भी उसने अपना दावा कर दिया है। सपा अपने उस बयान से भी पीछे नहीं हटना चाहती, जिसमें कहा गया है कि देश के 10 फीसदी सामान्य वर्ग के लोग 60 फीसदी राष्ट्रीय संपत्ति पर काबिज हैं। यहां समझने की बात यह है कि पिछड़े और दलित मतदाताओं पर फोकस करने के बावजूद सपा ब्राह्मण समेत सामान्य वर्ग के नेताओं को अच्छी खासी संख्या में टिकट देगी। यह उसके रणकौशल का हिस्सा है, जो धार्मिक आधार पर मतदाताओं को बंटने से रोकेगा। सपा यह भी चाहती है कि कांग्रेस स्वतंत्र रूप से लड़े, क्योंकि हार-जीत की कम अंतर वाली सीटों पर यह उसके लिए मददगार साबित हो सकता है। आम तौर पर कांग्रेस को जो भी मामूली मत मिलते हैं, वे सामान्य वर्ग के ही होते हैं, जो इधर भाजपा का आधार माना जाने लगा है।

### कांग्रेस लगभग नाउम्मीद

कांग्रेस के रणनीतिकार भी छोटे दलों पर फोकस किये हुए हैं। बसपा से गठबंधन का राहुल गांधी का प्रस्ताव विधानसभा चुनाव से पहले ही मायावती ठुकरा चुकी हैं। प्रदेश में कांग्रेस को लेकर आम मतदाता फिलहाल ज्यादा आशान्वित भी नहीं दिखाई देता। उधर मौजूदा परिस्थितियों में बसपा अकेले चलो की रणनीति पर भी आगे बढ़ती हुई दिख रही है। मायावती स्पष्ट कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले ही लड़ेगी। हालांकि खराब से खराब परिस्थितियों में भी बसपा के साथ यूपी का करीब 13 फीसदी मतदाता खड़ा ही दिखता है। जाहिर है, ऐसे में बसपा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### क्षेत्रीय शक्तियां ही दे रहीं भाजपा को चुनौती

विपक्ष के रणनीतिकार मानते हैं कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, बिहार और ओड़िशा की तरह यूपी में भी क्षेत्रीय शक्तियां ही भाजपा को चुनौती दे रही हैं। इसलिए उसे आगे भी सफलता के लिए सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण को हर हाल में रोकने के उपाय अपनाने होंगे।

सपा और कांग्रेस यह अच्छी तरह से समझ चुकी हैं कि धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण हुआ तो वे घाटे में रहेंगी। इसलिए दोनों पार्टियों के प्रमुख नेता धार्मिक मुद्दों पर बहुत ही सधी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अलबत्ता, स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान सपा को कितना फायदा-नुकसान पहुंचायेंगे, यह पार्टी के लिए गहन विश्लेषण का विषय होना चाहिए। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन धार्मिक ध्रुवीकरण का आधार बना था। उत्तरप्रदेश में गठबंधनों के ये अनुभव भविष्य के लिए इन दलों और खासकर सपा को सबक भी दे गये हैं।

---

# राजद युवाओं को साथ लेकर चलनेवाली पार्टी: रंजन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि 2023-25 की कमेटी की पहली सूची जारी की गयी है। लोकसभा-विधानसभा चुनाव को लेकर राजद अपनी तैयारियों में जुट गया है। युवा संगठन की रीढ़ होते हैं। हमारी पार्टी युवाओं को साथ लेकर चलनेवाली पार्टी है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की उम्मीद पर हम खरा उतरेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए युवा मोर्चा ने नयी कमेटी की पहली सूची जारी की है। रंजन ने कहा कि मेहनत करनेवाले लोगों को नयी कमेटी में जिम्मेदारी दी गयी है।

रंजन यादव ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युवा राजद उपाध्यक्ष के लिए तीन लोगों को नयी कमेटी में जगह दी गयी है। इनमें रांची से सुनील कुमार, रांची से सौकत अंसारी और चतरा से विनोद भोक्ता हैं। जिला अध्यक्ष में साहिबगंज में मो सद्दाम हुसैन, देवघर नगर अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह, गोड्डा मो अंजर अहमद, हजारीबाग में मो. अय्यान रजा खान, गिरिडीह में रवि कुमार, बोकारो में संतोष कुमार गिरि, रांची से जफर अंसारी, रांची से महानगर अध्यक्ष दिलीप सिंह, पलामू से केदार यादव, गढ़वा से विनीत कुमार हैं। युवा प्रदेश सचिव में पलामू से संतोष कुमार, रांची से फरहान खान, रांची से अजय कुमार, चतरा से नीतीश कुमार, पलामू से कमल कांत, पलामू से धर्मेंद्र कुमार, रांची से अरशद अंसारी, रांची से प्रशांत कुमार, रांची से राज कुमार, लातेहार से संजय कुमार यादव, देवघर से नुनू झा और हजारीबाग से रघुनाथ कुमार राणा युवा प्रदेश अध्यक्ष हैं।

युवा प्रदेश महासचिव में रांची से मोइन अंसारी, रांची से उर्मिला सोरेंग, रांची से ममता कुजूर, रांची से विक्की यादव, बोकारो से जितेंद्र नारायण यादव, रांची से राम सिंह, चतरा से दीपक यादव, रांची से अभिषेक सिंह यादव, कोडरमा से प्रदीप यादव, हंटरगंज चतरा से संतोष कुमार, गढ़वा से मुनेश्वर सिंह, देवघर से पंकज सिंह, देवघर से काजल कुमार यादव, रांची से मंतोष यादव, रांची से क्षितिज कुमार मिश्रा और रांची से गायत्री देवी को जिम्मेवारी मिली है।

# सड़क दुर्घटना में पति पत्नी की मौत, पुत्र गंभीर




आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के संत मेरी हाइस्कूल के सामने सड़क दुर्घटना में शनिवार रात पति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पत्नी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बेटे की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार तिसरी थाना के पकड़ियाटांड़ निवासी बुद्धू टुडू, उनकी पत्नी लालमुनी सोरेन और उनका बेटा संजुल हांसदा एक ही बाइक पर सवार होकर श्राद्धकर्म में शामिल होने गुमगी के पंडरिया जा रहे थे, तभी संत मेरी हाई स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बुधू टुडू की मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही अचेतावस्था में पड़े रहे। घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फौरन 108 एंबुलेंस सेवा और तिसरी पुलिस को दी। पुलिस रात में ही मां बेटे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, लेकिन मां ने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शवों रविवार को शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

# लिव-इन में रह रही नाबालिग से मारपीट के बाद हुआ गर्भपात

## नवजात का दफनाया शव निकाला गया, होगी डीएनए जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला में पुलिस ने गड्ढा खोद कर एक नवजात का शव निकाला। नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस जांच में पता चला कि एक नाबालिग किशोरी से उसके प्रेमी ने मारपीट की, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

जानकारी के अनुसार किशोरी का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। अक्टूबर महीने से दोनों लिव-इन-रिलेशन में रह रहे थे। पीड़िता के फर्द बयान के अनुसार, युवक नाबालिग किशोरी के साथ मारपीट किया करता था।

आरोप है कि गर्भावस्था में भी उसके साथ मारपीट की, जिससे किशोरी का गर्भपात हो गया। सदर अस्पताल में किशोरी ने मृत शिशु को जन्म दिया। इसके बाद, किशोरी के परिजनों ने शव को खेत में ले जाकर दफन कर दिया। सूचना पर पुलिस जांच को पहुंच गयी। गुमला सदर अस्पताल में नाबालिग किशोरी के मृत शिशु को जन्म देने और डीएसपी रोड बड़ाइक मुहल्ला स्थित खेत में दफन करने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पीड़िता किशोरी के फर्द बयान के आधार पर गुमला थाना में भादवि और छह पॉक्सो एक्ट के तहत गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी।

इधर दफनाये गये शव को निकालने के लिए घटना की सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने दफनाये शव को निकाल कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी केके मुंडू को मजिस्ट्रेड रूप में नियुक्त किया।

डॉक्टरों के तीन सदस्यीय दल ने शव का पोस्टमार्टम किया और डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया गया। सैंपल रांची भेजा जायेगा। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# योग खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से रविवार को नामकुम में सैकड़ों योग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अमृत महोत्सव के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान का प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम भाजयुमो कर रही है। खिलाड़ियों का सम्मान देने से खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ता है। सम्मानित खिलाड़ियों में झारखंड के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट इन योगा, 36 नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, यूनिवर्सिटी गेम्स आदि के योग खिलाड़ी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद, विकास कुमार गोप आदि उपस्थित थे।

# राजेंद्र प्रसाद से मिला झारखंड अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को झारखंड अतिथि शिक्षक के एक प्रतिनिधिमंडल ने डोरंडा महाविद्यालय और अन्य कॉलेजों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को शिक्षकों ने जानकारी दी कि डोरंडा महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को मानदेय का भुगतान पिछले सात माह से नहीं किया गया है। जानकारी मिलते ही राजेंद्र प्रसाद ने रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू से बात की। वहीं डॉ सुदेश साहू ने आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र नियमानुकूल निर्णय कार्यरत अतिथि शिक्षकों के हित में लिया जायेगा। संघ के महासचिव प्रो अंकित कुमार शर्मा ने कहा कि डोरंडा कॉलेज के अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं करने से महाविद्यालय के सभी कार्यरत शिक्षकों में रोष की भावना बनी हुई है।



मुलाकात करनेवालों डॉ साहिन नाज, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ राजमणि पांडे, डॉ हिरणमाज भुनिया, फ्लावर सिमडेगा कॉलेज बीएस कॉलेज लोहरदगा, लोहरदगा कॉलेज, मांडर कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, बुंडू कॉलेज, आदि के अतिथि शिक्षक आरजू आरा, डॉ निशा कुमारी, सीमा मिंज, अभिलाषा कुल्लू, पाटला कुमारी, डॉ नाजिश हसन, डॉ जिज्ञासु ओझा, निहाल टोप्पो, आशीष उरांव, अभिलाषा कुल्लू सहित अन्य कॉलेज के सैकड़ों अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.0 °c | 21.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.35 बजे |



### रांची पहुंचे भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, कहा

# हेमंत सरकार को बदलने का समय आ गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी नौ अप्रैल को रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां पर किसी की आवाज को नहीं दबाया जा सकता है। यदि कांग्रेस के लोग यह कह रहे हैं कि उनके नेता को लोकसभा में नहीं बोलने दिया गया, तो वे पूरा झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस खुद लोकतंत्र की हत्या करनेवाली पार्टी है।

भाजपा नेता और झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



पत्रकारों से बातचीत में बाजपेयी ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार को बदलने का समय आ गया है और संवैधानिक तरीके से वर्तमान सरकार को भाजपा के कार्यकर्ता हटाने का काम करेंगे।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग हर जगह यह शिकायत दर्ज करा रहे हैं कि उनके नेता राहुल गांधी की सदस्यता भारतीय जनता पार्टी के कारण चली गयी है, जबकि पूरा मामला कोर्ट में है और जो भी निर्णय लिया गया है, वह न्यायालय ने लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में यदि कांग्रेस के लोग भाजपा पर आरोप लगाते हैं, तो वह पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई तरह की समस्याएं है, जैसे भ्रष्टाचार, महंगाई महिलाओं की सुरक्षा। इन सभी समस्याओं के निदान के लिए भाजपा जनता के बीच जायेगी और लोगों को जागरूक करेगी।

## डिस्टलरी पुल के पास नॉनवेज बेचनेवालों पर 11 से होगी कार्रवाई

**डिस्टलरी पुल के पास नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को शिफ्ट करने की आज आखिरी तारीख है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के लालपुर कोकर मार्ग पर डिस्टलरी वेंडर मार्केट में 74 दुकानदारों को मार्केट में जगह उपलब्ध करायी गयी है। सोमवार को डिस्टलरी पुल के पास नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को शिफ्ट करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद रोड किनारे दुकान लगाने वालों पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। निगम एक्ट के तहत ऐसे दुकानदारों पर जुर्माना लगायेगा और उनका सामान भी जब्त करेगा।

नगर निगम इंफोर्समेंट टीम ने बताया कि पुल के पास लगने वाले जाम से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से निर्देश दिया गया है। लालपुर कोकर मार्ग पर डिस्टलरी पुल के पास मटन, चिकन और मछली विक्रेताओं को लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया गया है। मामले को लेकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि आवंटित दुकान 10 अप्रैल तक नहीं लगायी गयी, तो 11 अप्रैल से मार्केट के बाहर फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने दी जायेगी। दुकानदारों का कहना था कि कुछ लोगों को दुकान नहीं मिली है, जिससे वे फुटपाथ पर दुकान लगा कर नॉनवेज की बिक्री कर रहे हैं।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी। इस समय शत्रु हावी हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। |
| वृष | मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि। अविवाहित बच्चों के रिश्ते आयेंगे। घर में शांति का वातावरण रहेगा। |
| मिथुन | आर्थिक लाभ। विपरीत स्थिति में सुधार होगा। समाज में लोग आपका फायदा उठायेंगे। |
| कर्क | राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुयेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति। बच्चों की तरफ से खुशखबरी। |
| सिंह | गुप्त शत्रुओं पर विजय। दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। आर्थिक लाभ। घर में खुशी का वातावरण। |
| कन्या | चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी। धन व कार्य की प्राप्ति होगी। सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। |
| तुला | नौकरी नया पद-पोजीशन। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। महिला वर्ग से संपर्क बढ़ेगा। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से शुभ समाचार। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि। शुभ कार्य में व्यस्त रहेंगे। |
| धनु | सफलता दस्तक देगी। सरकारी कार्य में प्रगति। हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति। धनलाभ होगा। |
| मकर | रोजगार संबंधी समस्याएं हल होंगी। कोई नया कार्य की योजना सफल होगी। |
| कुंभ | घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। |
| मीन | आजीविका में परिवर्तन। दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं। नये मेहमान का आगमन। |

## अगले 50 सालों के लिए जनता का आशीर्वाद हमारे साथ : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा मुसद्दी लाल के हसीन सपने देखने में लगी है, शालीमार बाजार, रांची में हाट वाले दिन जितने लोग जुटते हैं, उतनी भीड़ जुटाने को गोड्डा से स्पेशल ट्रेन से लोगों को रांची में जुटाया जा रहा है। भाड़े के प्यादे से लड़ाई नहीं लड़ी जाती। हेमंत हटाओ का भाजपा ख्वाब ही देख रही है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि तमाम एजेंसियों की मदद से उछलकूद कराने के बावजूद इस सरकार की सेहत पर असर नहीं पड़ा, उसे पांच सालों का जनादेश प्राप्त है। अगले 50 सालों के लिए भी आशीर्वाद सुरक्षित है। भाजपा और रेलवे बताये कि आखिर गोड्डा से 10 अप्रैल को खुलने वाली स्पेशल ट्रेन के लिए किसने कितना भुगतान किया है। आखिर इतना पैसा कहां से आया है।




## भाजपा के आंदोलन से झामुमो के पसीने छूटने लगे हैं : अविनेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा के हमत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन के लिए रांची पहुंच रही जनता की आहट से ही झामुमो के पसीने छूटने लगे हैं। चौर की दाढ़ी में तिनका का स्पष्ट उदाहरण झामुमो ने रविवार को प्रेस वार्ता में प्रस्तुत किया है। राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े महिला युवा किसान सभी ठगे जा चुके है। बहन बेटियों के साथ 5000 से ज्यादा बलात्कार की घटनाओं ने राज्य को कलंकित किया है। इस सरकार और राज्य के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने खान खनिज को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस सरकार की नीति और नियत दोनों में खोट है, नियोजन नीति के नाम पर इस सरकार ने राज्य के युवाओं को पिछले तीन सालों से भटकाया है। बोट बैंक, तुष्टिकरण, धर्मातरण की राजनीति ने जनता को सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य कर दिया है।



## महिला सहित दो गांजा तस्कर हुए गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना पुलिस ने महिला सहित दो गांजा तस्कर को सुखदेव नगर थाना निवासी उज्ज्वल खलखो और गुमला के डुमरी थाना निवासी सुजाता देवी गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2.6 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि सूचना मिली थी कि बुंडू की तरफ से एक लाल रंग की स्कूटी पर सवार एक महिला और एक पुरुष गांजा लेकर नामकुम की ओर जा रहे हैं। टीम ने नामकुम थाना के सामने चेकिंग अभियान चला कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

## सीएम ने दी ईस्टर की शुभकामनाएं

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को ईस्टर के पावन पर्व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम, दया, करुणा, क्षमा और मानवता का यह प्रेम सभी को स्वस्थ जीवन, सुख शांति और समृद्धि प्रदान करे।




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 294600 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# पांच लाख रुपये के जेवरात चोरी मामले में इलेक्ट्रीशियन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन अजीत कुमार उपाध्याय को चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक जोड़ा सोने का कंगन जालीदार और एक सोने की चैन बरामद की है। सात अप्रैल को डोरंडा के पत्थर रोड मनीटोली निवासी सुरेश विजय ने आरोप लगाया था कि एक अजीत नाम का इलेक्ट्रीशियन उनके घर बिजली का काम करने आया था। उस दिन उनकी अलमीरा से करीब पांच लाख रुपये का सोने का आभूषण चोरी हो गया। इसमें एक जोड़ा सोने का कंगन, एक सोने की चैन और पांच सोने का अंगूठी थी। उस दिन से इलेक्ट्रीशियन अजीत फरार है। 8 अप्रैल को इलेक्ट्रीशियन अजीत कुमार को डोरंडा थाना बुलाया गया। उससे गहन पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके स्वीकारोक्ति बयान पर 8 अप्रैल की शाम उसके घर से एक जोड़ा सोने का कंगन और एक सोने की चैन बरामद कर लिया गया। आरोपित को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया गया।

# पार्षद के घर पर हुए हमले के पांच आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में शनिवार शाम अपराधियों ने वार्ड पार्षद ओम प्रकाश के घर पर हमला कर दो दर्जन से अधिक फायरिंग मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

हालांकि इस मामले में रांची पुलिस ने बीते देर शाम को ही मुख्य आरोपी विक्रम सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी।

बताया जाता है कि वार्ड पार्षद के चुनाव में वर्चस्व को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया था। रांची पुलिस ने बताया कि कई लोग इस घटना में शामिल थे। हालांकि पुलिस अभी इस पूरे मामले की जांच कर रही है और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में पांच लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि वर्चस्व की जंग में इस घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि गोली किसी व्यक्ति को नहीं लगी है। पुलिस ने सात खोखा और एक जिंदा गोली बरामद किया था।

# क्वांटम एनर्जी ने लॉन्च किया बी2बी इलेक्ट्रिक स्कूटर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्वांटम एनर्जी की ओर से भारतीय बाजार में नया बी2बी इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया गया है। इस स्कूटर की क्या खूबियां हैं और किस कीमत पर इसे खरीदा जा सकता है। भारतीय स्टार्टअप क्वांटम एनर्जी की ओर से बिजनेस टू बिजनेस ग्राहकों के लिए नया इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय बाजार में लॉन्च किया गया है। कंपनी के मुताबिक कमर्शियल डिलीवरी के लिए यह एक आदर्श स्कूटर है। स्कूटर में कंपनी की ओर से 1200 वॉट की पावर जनरेट करने वाली मोटर दी गयी है। इसकी टॉप स्पीड 55 किलोमीटर प्रतिघंटा तक है। यह स्कूटर आसानी से जीरो से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड को आठ सेकेंड में हासिल कर लेता है। इसमें कंपनी ने एलएफपी बैटरी दी है, जिससे एक बार फुल चार्ज करने पर 130 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। कंपनी की ओर से इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में मजबूत कार्गो रैक, बड़े फ्लैट फुटबोर्ड, बेहतर हैडलैंप, 12 इंच लंबा व्हीलबेस दिया गया है। साथ ही रिमोट लॉक/अनलॉक, एंटी थेफ्ट अलार्म, यूएसबी चार्जर, डिस्क ब्रेक, एलसीडी डिस्प्ले जैसे फीचर्स भी मिलते हैं। कंपनी की ओर से इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय बाजार में 99 हजार रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही कंपनी इस स्कूटर पर तीन साल या 90 हजार किलोमीटर की बैटरी वारंटी भी देती है।

## हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन के लिए वाजपेयी ने की बैठक

# मुट्ठी भींच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जायें : लक्ष्मीकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में 11 अप्रैल को होनेवाले हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन के तहत सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में वाजपेयी ने कहा कि राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। यह सरकार अपने भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, तुष्टिकरण के कारण जनता की नजरों में गिर चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार को युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं, पिछड़ों, आदिवासी और दलितों की आह लग चुकी है। यह सरकार अपने कृत्यों से ही गिरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भींच कर इस सरकार को अपदस्थ करने का संकल्प लीजिए और अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कीजिए। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि किसी कार्यक्रम की सफलता के पीछे कार्यक्रम की तैयारी में जुटे कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी को तन्मयता से पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के व्यवहार का असर सुदूर क्षेत्रों से आये लोगों पर पड़ता है। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रत्येक विभाग की क्रमवार जानकारी ली और तैयारी की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये हैं।

बैठक में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, दीपक बंका, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजयवर्गीय, अरुण झा, मुनचुन राय, चंदन कुमार, बबन गुप्ता, सूरज चौरसिया, पंकज शाहदेव, अंचल तिवारी, रविनाथ किशोर, सतीश सिन्हा, सूर्य प्रभात, अरविंद तिवारी, डॉ अभिषेक रामदीन, प्रेम वर्मा, मुकेश मुक्ता, संजय चौधरी, अरुण पांडेय, सोना खान, राहुल अवस्थी, रजनीश पांडेय, शिवपूजन पाठक, तारिक इमरान मौजूद थे।

# हेमंत सरकार के खिलाफ सचिवालय घेराव कार्यक्रम में रांची से 25 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आगामी 11 अप्रैल को झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ सचिवालय घेराव कार्यक्रम को देखते हुए रविवार को रांची महानगर के अंतर्गत सभी 17 मंडलों में बैठक आयोजित की गयी। वहीं रांची के सांसद संजय सेठ ने लगातार दो दिनों से सभी मंडलों में बैठक कर कार्यकर्ताओं से घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

सांसद सेठ ने कहा कि रांची महानगर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम में 25 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। सांसद सेठ ने बैठक में कहा कि तीन सालों से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में चल रही है। यहां की जनता विगत तीन सालों से त्रस्त है। जन सरोकार से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है, सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति हो रही है। इन तीन सालों में सिर्फ खनिज संपदा की लूट हुई है। सरकार खनिज संपदा को लूटने में लगी है। जब-जब हेमंत सोरेन की सरकार आती है, बालू की लूट शुरू हो जाती है। आज राज्य में भय का माहौल व्याप्त है। रोजाना हत्याएं हो रही हैं, व्यापारी सुरक्षित नहीं हैं। रघुवर दास के समय उग्रवादी बिल में घुस गये थे, अब फिर झारखंड में उग्रवादी सक्रिय हो गये हैं। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। देश में सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न का मामला झारखंड में हुआ है। पानी, बिजली की समस्या सहित नशा का कारोबार बढ़ा है। अपराधी बेलगाम हैं, प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त है, प्रखंड कार्यालय से लेकर सचिवालय तक बिना चढ़ावे का कोई काम नहीं हो रहा है। किसान त्रस्त हैं। राज्य के युवाओं के साथ सरकार ने धोखा किया है।

चुनाव के पूर्व पांच लाख प्रतिवर्ष नौकरी देने का वादा किया था, क्या हुआ? ऐसी सरकार के खिलाफ लोगों में जन आक्रोश व्याप्त है। सचिवालय घेराव कार्यक्रम हेमंत सोरेन की सरकार का अंतिम कील साबित होगा। सांसद सेठ ने सभी लोगों से सचिवालय घेराव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# 32 सालों से हो रहा है दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के द्वारा लोअर बाजार थाना क्षेत्र के सुल्तान कॉलोनी में भव्य पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी अतिथियों को अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने टोपी और साफा ओढ़ा कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमॉं, ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी अहमद अली, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, श्री महावीर मंडल पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, कायस्थ महासभा सह अधिवक्ता डॉक्टर प्रणव कुमार बाबू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू, राजेश छोटू, राउफ, महताब, अंजुमन इस्लामिया रांची के सचिव डॉ मोहम्मद तारिक, डॉक्टर होदा, आदिल कुरैशी, बारीक, गुलाम जावेद, फिरोज कुरैशी, गुलाम पप्पू, फरहाद कुरैशी, मासूक कुरैशी, आशिक,मिद्धू, मौलाना मंजूर हसन बरकाती, हाफिज कैसर, पत्रकार परवेज कुरैशी, आवेश कुरैशी मुन्ना, हाजी मनान, सलौद्दीन, राजा,अकबर कुरैशी, सकील, मुन्ना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का उपस्थित थे।

एक जमाने तक रांची ही नहीं पूरे झारखंड में दावते इफ्तार मदरसे तक सीमित था, लेकिन भव्य और बड़े पैमाने पर दावत ए इफ्तार की शुरूआत आज से 32 साल पहले 17 रमजान 1991 से इसकी शुरूआत मुजीब कुरैशी ने किया । तब कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला, चांदनी ग्राउंड, कांटा टोली के बॉडी बिल्डर मैदान, फिर यहां के बाद वाईएमसीए सभागार में 2019 तक यह सिलसिला जारी रहा और 2020-21 कोविड महामारी और लॉकडाउन के कारण इफ्तार का आयोजन नहीं हो सका, इसलिए नौ अप्रैल 2023 को सुल्तान कॉलोनी में इफ्तार आयोजित किया गया।

**पिछले 25-30 सालों से इफ्तार पार्टी में शामिल हो रहा हूं :** श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने कहा पिछले 25-30 सालों से मुजीब कुरैशी के द्वारा इफ्तार पार्टी में शामिल होते आ रहा हूं और यह न सिर्फ अपने कांटा टोली क्षेत्र के शहर में भी सभी समुदायों को लेकर चलते हैं सौहार्द, एकता और भाईचारे का मिसाल पेश करते आ रहे हैं।

# रांची में नाइट मार्केट का काम लगभग पूरा

## 15 अप्रैल से हो सकती है शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़े शहरों की तरह राजधानी रांची में भी देर रात तक लगनेवाले बाजार की शुरूआत जल्द होने जा रही है। रांची के मोराबादी मैदान के पास नाइट मार्केट के लिए जगह चिह्नित कर ली गयी है और वहां पर नगर निगम की तरफ से युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है। नाइट मार्केट में शाम छह बजे से रात के 11.30 बजे तक दुकानें खोली जायेंगी। इसके लिए दुकानदारों को नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा, तब जाकर वे नाइट मार्केट में अपनी दुकान लगा सकते हैं। नाइट मार्केट में दुकान लगाने वालों को प्रतिमाह नगर निगम के खाते में पांच हजार रुपए जमा करने की शर्त रखी गयी है।

**अप्रैल से नाइट मार्केट की हो सकती है शुरुआत :** इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि मोरहाबादी क्षेत्र में देर रात तक लोग घूमते फिरते हैं। ऐसे में यदि वहां पर नाइट मार्केट की शुरूआत की जाये, तो लोग बाजार में खरीदारी भी कर सकेंगे और साथ ही नगर निगम को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल तक नाइट मार्केट की शुरूआत हो सकती है, लेकिन दुकानदार रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं, जिस वजह से नाइट मार्केट की शुरुआत होने में देरी हो सकती है।

**कई दुकानदारों ने पांच हजार रुपये प्रति माह किराया पर उठाये सवाल :** वहीं नाइट मार्केट की शुरुआत होने पर कई दुकानदारों ने खुशी जाहिर की है, तो कई दुकानदारों ने सवाल भी उठाये हैं। मोरहाबादी में वर्षों से दुकान कर रहे रजनीश कुमार बताते हैं कि नाइट मार्केट में दुकान लगाने के लिए पांच हजार रुपये प्रति माह जमा करने के लिए कहा गया है। यह गरीब दुकानदारों के लिए अत्यधिक रकम है। क्योंकि एक दुकानदार मुश्किल से महीने में 15 से 20 हजार रुपये ही कमा पाता है, ऐसे में यदि पांच हजार रुपये प्रति माह नगर निगम को ही किराया के रूप में दे देंगे, तो फिर गरीब दुकानदार अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे।

**सुरक्षा को लेकर दुकानदारों में संशय :** वहीं कई दुकानदारों ने सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाये हैं। दुकानदारों ने कहा कि शाम छह बजे से देर रात 11:30 बजे तक दुकान लगाने की अनुमति निगम की तरफ से दी गयी है, लेकिन 11:30 के बाद जब दुकानदार अपनी दुकान हटा कर घर जायेंगे तो असामाजिक तत्वों के द्वारा छिनतई और मारपीट जैसी घटनाओं से बचाने के लिए पुलिसिंग की भी मुकम्मल व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि दुकानदार सुरक्षित रूप से अपने घर पहुंच सकें।

# मेगा हेल्थ कैंप में 425 लोगों का मुफ्त इलाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में रविवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, जतरा मैदान, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। शिविर में प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, मधुमेह और मानसिक विशेषज्ञ, बीपी और शुगर के विशेषज्ञ, निसंतानता तथा जनरल फिजीशियन के साथ अन्य चिकित्सकों द्वारा 425 मरीजों का हेल्थ चेकअप कर निशुल्क दवाइयां दी गयीं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि आयोजित निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए। प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह ने कहा कि देश और समाज का विकास तभी हो पायेगा, जब लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। प्रोफेशनल्स कांग्रेस स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के प्रति प्रयत्नशील है।

डॉक्टरों की टीम में प्लास्टिक सर्जन डॉ अनंत सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध, दंत चिकित्सक और सर्जन डॉ अशीष भगत, डायबिटोलॉजिस्ट और जनरल फिजिशियन डॉ रतनेश, माइक्रोबायोलॉस्टि डॉ पूजा सहाय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरके सिंह, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ सुयश सिन्हा और निसंतानता विशेषज्ञ डॉ सोम्या सिन्हा, पॉपुलर नर्सिंग होम से डॉ हर्ष कुमार, इएनटी विशेषज्ञ की टीम औरसिविल सर्जन सदर अस्पताल की टीम ने शिविर में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेगा हेल्थ कैंप को सफल बनाने में वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि संजय सिंह, मुंजी सिंह, सुमित कुमार साहू, राजीव चौरसिया, अमरजीत सिंह, राहुल रे, प्रेम कुमार संतोष सिन्हा पुनीत कुमार, विवेक धान, सोनू सिंह, सनी पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मजदूर दिवस पर सेमिनार को लेकर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की बैठक

# फेक न्यूज से बचने और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के मुद्दे पर होगी सीधी बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को बिहार क्लब में झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी मजदूर दिवस (1 मई) के दिन को यादगार बनाने के लिए पत्रकारों की समस्या और समाधान पर बातचीत के अलावे फेक न्यूज से बचाव और पत्रकार सुरक्षा कानून पर सेमिनार के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस सेमिनार में पूरे राज्य से सैकड़ों पत्रकार पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में लागू करने को लेकर हुंकार भरेंगे। बैठक की अध्यक्षता रजत कुमार गुप्ता ने की और संचालन झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी के पुत्र परवेज अख्तर और लोहरदगा के वरिष्ठ पत्रकार कयूम अंसारी की पत्नी के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर एनयूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजत कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुखता से पत्रकारों की समस्याओं को राज्य और राष्ट्रीय पटल पर उठाया जायेगा। वहीं यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि समूचे राज्य के पत्रकार मजदूर दिवस पर सेमिनार के माध्यम से फेक न्यूज को रोकने के साथ साथ पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी बात करेंगे, जो कि वर्तमान समय की मांग भी है। उन्होंने कहा कि उस अवसर पर कई पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में सभी लोगों ने आगामी मजदूर दिवस पर होनेवाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अपनी सहमति दी। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, रजत कुमार गुप्ता, यूनियन के रांची जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष जावेद अख्तर, प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता अरविंद प्रताप, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जावेद अख़्तर, प्रदेश सचिव रणधीर निधि, विनोद कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदय चौहान, यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, राजकुमार गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सिंह अमृत, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, सुदीप सिंह, प्रदेश सचिव कयूम खान, संतोष सिन्हा, जावेद अख्तर, कौशर अली, गौतम राणा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी विनय राज, प्रदेश सचिव राणा अरुण सिंह, राजेश कुमार, अजित कुमार, सौरभ कुमार गुप्ता शामिल हुए।

# 81वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** बाइजू राज (श्री श्यामा महारानी) के 380वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में 81वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शिव भगवान अग्रवाल ने अपनी धर्म पत्नी स्व. उर्मिला देवी की स्मृति में किया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के शिव भगवान एवं अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की देखरेख में श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। सेवा कार्य में संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चंद्रदिप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य चंदा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल उपस्थित थीं। यह जनकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
05

## साहिबगंज के बोरियो थाना में वंदना स्टोन वर्क्स के मालिक राकेश रंजन के खिलाफ डीएमओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र स्थित लोहंडामाको मौज में अवैध पत्थर खनन के आरोप में बोरियो थाना में वंदना स्टोनवर्क्स की मालिक राकेश रंजन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गोड्डा जिला के मेहरमा थाना क्षेत्र स्थित कसवा निवासी राकेश रंजन के खिलाफ साहिबगंज डीएम कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। राकेश रंजन सीएम के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा के बेहद करीबी आलोक रंजन के भाई बताये जाते हैं। अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच कर रही इडी ने फील्ड जांच के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था। इडी ने हाल ही में साहिबगंज में जांच के दौरान चल रहे अवैध खनन को लेकर साहिबगंज एसपी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। वही जांच से पता चला था कि वंदना स्टोन वर्क्स के मालिक राकेश रंजन के पास पाइंट नंबर 3 पी, 4 पी, 5 पी, 8 पी और 107 पी में 6.74 एकड़ का खनन का वैध पट्टा है। आरोप है कि राकेश रंजन ने लीज से भी अधिक दो एकड़ जमीन पर अवैध खनन किया है। इस वजह से पर्यावरण को नुकसान हुआ है, साथ ही प्रदूषण और राजस्व घाटा भी हुआ है। इससे पहले आठ अप्रैल को साहिबगंज पुलिस ने विष्णु यादव उर्फ छोटू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## ब्लास्टिंग से कई घर हुए क्षतिग्रस्त, मुखिया नीलेश ज्ञानसेन ने जतायी आपत्ति

**टंडवा/चतरा (आजाद सिपाही)।** रेलवे द्वारा शिवपुर के पास हुई हेवी ब्लास्टिंग में दर्जनों मकान के क्षतिग्रस्त होने पर कबरा पंचायत के मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिंहा ने गहरा दुख जताया है। मुखिया ज्ञासेन ने बताया की वह गांव में नही है चिकत्सकीय कारणों से बाहर है। बताया की ब्लास्टिंग की घटना से जिस प्रकार अगल बगल के गांव के घर क्षतिग्रस्त हुआ इसकी जांच कर मुआवजा रेलवे एवं ब्लास्टिंग के कार्य में लगे संबंधित ठेकेदार को देना होगा। कहा की कुल कितने मकान क्षतिग्रस्त हुए है इसका सही जांच जिला प्रशासन करने का आग्रह किया। कहा की दो से तीन दिन के अंदर ग्रामीणों को हुए नुकसान का भरपाई नहीं होता तो सम्पूर्ण रेलवे का काम ठप कर दिया जायेगा। रेलवे पहले ग्रामीणों के हुए नुकसान की भरपाई करे फिर अपना कार्य करे। उधर सीओ की जानकारी मिलने पर बताया की जाँच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## धूमधाम से मना सरहुल पूजा महोत्सव

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार में रविवार को सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां गांव के चंद्रनाथ पाहन की देख रेख में पूजा संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के मनोज कुमार महतो, रोहन महतो, कौलेश्वर महतो, बाबुलाल महतो, मुरलीधर कोठरी, अनिल पाहन, संदीप पाहन, किशोर पाहन, जलधर पाहन, जगरनाथ पाहन सहित अन्य उपस्थित हुए। बताया गया की झारखंड में आदिवासी पूर्वज (पुरखा) लोगों ने इस पर्व से यह परख लिया कि आनेवाले धान की खेती में वर्षा की क्या स्थिति रहेगी। इसमें जेठ रैयत पाहन, गोड़ताइन और ग्रामीण घंड़े में पानी भरते हैं। घड़े में पानी कम होता है तो माना जाता है कि वर्षा कम होगी और घड़े में पानी चढ़ता है तो मान्यता है कि वर्षा अच्छी होगी। सरहुल पर्व वनस्पति और प्रकृति के संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। सरहुल महोत्सव में शिक्षक सुखदेव महतो, दशरथ चौधरी महतो, छक्कन महतो, लालु बेदिया, प्रदीप बनर्जी, भुवनेश्वर महतो, नेहाल पाहन आदि मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय यात्रा को लेकर आजसू की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुरपा में आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, किशुन महतो, लालचंद महतो शामिल रहे। बैठक में केंद्रीय समिति के निर्देश पर आगामी 13 अप्रैल को सामाजिक न्याय यात्रा के तहत पैदल मार्च के तहत रामगढ़ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। वही, झारखण्ड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर हेमलाल महतो, मदन महतो, तापेश्वर महतो, भोला तुरी, सरिता सिंह, बैजनाथ राम, नरेश महतो, जय किशोर महतो, शहाबुद्दीन रिजवी, कौलेश्वर महतो, सुभाष कसेरा, जगदीश आडवाणी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, रेणुका देवी, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंझू, डॉ जयश्री मेहता, सुकरा उरांव, संजीव सिन्हा, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

## पूर्व कांग्रेसी रसिक लाल पासवान के निधन पर भुरकुंडा में शोकसभा का आयोजन

भुरकुंडा **(आजाद सिपाही)।** पूर्व कांग्रेसी रसिक लाल पासवान के आकस्मिक निधन पर रविवार को पासवान कल्याण समिति द्वारा भुरकुंडा पंचायत भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया। बताया गया कि स्व. रसिक लाल पासवान समाजसेवी और पूर्व कांग्रेसी नेता थे। रसिक लाल के निधन से पासवान समाज में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक वयक्त करने वालो में पूर्व जिला पार्षद अर्चना देवी, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, पासवान कल्याण के संरक्षक खजांची राम, बीरेंद्र पासवान, संतोष पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, सचिव इंद्रदेव पासवान, युवा समिति अध्यक्ष शशि पासवान, सचिव रोशन पासवान, प्रभु पासवान, प्रेम पासवान, बटाई पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पर्यटक स्थल पतरातू डैम पर खूनी संघर्ष, दो दर्जन घायल

## गंभीर रूप से घायल पांच रिम्स में भर्ती, वर्चस्व को लेकर जिआउल और महफूज गुट भिड़ा











संतोष साहू

**पतरातू।** झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल पतरातू डैम रविवार को जंग का मैदान बन गया। यहां सैलानियों को नाव में बैठाने को लेकर हुए विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गये। दोनों गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कुल दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये, जबकि गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पतरातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हालात पर काबू पाया।

### जियाउल और महफूज के गुटों के बीच चले जम कर लाठी-डंडे

घटना के संबध में बताया जाता है कि नाविक संघ जियाउल और महफूज के दो गुटों के लोग डंडों के साथ आपस में भिड़ गये और एक दूसरे के सर पर प्रहार किया। घंटों चले हो हंगामे और मारपीट में दो दर्जन से ज्यादा नाविक संघ के लोग घायल हो गये। गनीमत रही कि घूमने आये पर्यटक माहौल को देखते हुए समय से पहले वहां से भाग निकले।

### साई नर्सिंग होम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती

घायलों को स्थानीय अस्पताल साई नर्सिंग होम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में भर्ती कराया गया। यहां सभी घायल लोगों को सर पर गहरी चोट लगी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं नाविक संघ के बयान के अनुसार शनिवार रात में ही पतरातू पुलिस को सूचना दी गयी थी। पुलिस को बताया गया था कि डैम परिसर में तनाव का माहौल है। कभी भी यहां विवाद उत्पन्न हो सकता है।

**घायलों में ये लोग हैं शामिल:** डैम में नाविकों के बीच मारपीट में महिला और पुरुष मिला कर कुल 24 घायल हुए। इसमें प्रियंका कुमारी, पिता भुनेश्वर मुंडा नेतुआ, यशोदा देवी, पति तीरथ नाथ मेलानी, दिलावर अंसारी, पिता गुलाम नबी तालाटांड, लोकमान अंसारी, पिता स्व अहमद उच्चरिंगा, इकराम उल अंसारी, पिता हबीब अंसारी उच्चरिंगा, गुड़िया कुमारी, पति संतोष कुमार बरटुआ, तबरेज अंसारी, पिता मो कलीम उच्चरिंगा, शबनम खातून, पति इजहार अंसारी ताला टांड, रीता कुमारी, पति राजेश कुमार मेलानी, सबीना खातून, पति शहजाद अंसारी उच्चरिंगा, सुनीता देवी, पति कपिलदेव महतो मैलानी, सरिता देवी, पति वनस्पति महतो मैलानी, जीनत परवीन, पति रिजवान अंसारी उच्चरिंगा, इम्तियाज अंसारी, पिता एहसान अंसारी तालाटांड, मेहरून्निसा, पति आहट अंसारी उच्चरिंगा, मो इस्लाम अंसारी, पिता स्व अलीमुद्दीन उच्चरिंगा, बंधन महतो, पिता देवदास महतो मेलानी, रेशमा खातून, पति शाहिद अंसारी उच्चरिंगा, संगीता देवी, पति लाल देव महतो मैलानी, सुनीता देवी, पति तिलक मुंडा शामिल हैं। वहीं पांच लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें आरएमसीएच रेफर कर दिया गया, जिनमें, प्रियंका कुमारी, जसोदा देवी, दिलावर अंसारी, लुकमान अंसारी और जिन्नत परवीन शामिल हैं।

### नाव स्टीमर लगाने को लेकर विवाद बढ़ा

जानकारी के अनुसार एक नाविक संघ ग्रुप अपने स्थान को ट्रांसफर कर दूसरे जगह नाविक संघ के लोगों के बीच नाव स्टीमर लगाने को लेकर विवाद बढ़ा। देखते ही देखते विवाद में लोग खून के प्यासे हो गये। खूनी संघर्ष में पांच लोगों को रिम्स रांची रेफर किया गया है।

## अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव झारखंड कार्यसमिति की बैठक

# राष्ट्रीय स्तर की बैठक 30 को रिम्स ऑडिटोरियम में

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** देश की सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर रविवार को वाइबीएन स्कूल धुर्वा के सभागार में अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव झारखंड के कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन ,जातिगत जनगणना, सामाजिक आर्थिक गणना, मुख्य मुद्दा पार प्रतिनिधियों ने अपना समर्थन दिया और आगामी 30 अप्रैल को रिम्स ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर के सभी नेताओं को एवं प्रतिनिधियों को बुलाकर एक बड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष के सिल्वर्म के निदेर्शानुसार एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की सहमति से अनिल यादव को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसकी अधिसूचना प्रदेश के प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों में सेना में अहीर रेजिमेंट की गठन जातिगत सामाजिक आर्थिक जनगणना को लेकर एक दिवसीय धरना हुआ। इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों को बधाई है। उन्होंने कहा कि आज समाज की आर्थिक सामाजिक स्थिति क्या है इसके लिए भी मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि गणना करा कर उपयोगी योजनाएं बनाने का काम करें। महासभा के प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि अहीर रेजिमेंट हक है हमारा, अगर देश में कोई जाति सूचक रेजिमेंट हो तो अहीर रेजिमेंट भी हो, अन्यथा सभी रेजिमेंट को खत्म किया जाए और सेना में एक ही नाम भारतीय सेना रखा जाये। संरक्षण केएन भगत ने जातिगत सामाजिक जनगणना आर्थिक गणना कराने की सख्त जरूरत है। अनिल यादव ने प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष यादव के प्रति एवं प्रदेश कमेटी के प्रति आभार व्यक्त किया और कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती से चलने का बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामजी यादव, राजधानी यादव, उर्मिला यादव, सुधीर गोप, बनारस यादव, चंदन यादव, बनारस यादव, जितेंद्र यादव, संतोष यादव, सरवन प्रमोद राय, गौरी शंकर यादव, सोनू यादव, सहित सभी जिलों के अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

## हैदराबाद की पहली जीत, सीजन का पहला मैच हारा पंजाब

# सनराइजर्स ने किंग्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी



**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में मेजबानों ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 17.1 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया।

### धवन की पारी पर भारी पड़े राहुल के 74 रन

पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने 66 बॉल पर नॉटआउट 99 रन बनाकर पंजाब को 143 के स्कोर पर पहुंचाया, लेकिन राहुल त्रिपाठी ने 48 बॉल पर 74 रन बनाने हुए अपनी टीम को जिता दिया।

### पावरप्ले में धीमे रहे हैदराबादी

144 रन का चेज करने उतरे हैदराबादी बल्लेबाजों ने धीमी शुरूआत की। टीम ने शुरूआत के 6 ओवर में 34 रन बनाने में हैरी ब्रुक का विकेट गंवाया। उन्हें अर्शदीप सिंह ने बोल्ड कर दिया।

### पंजाब की पारी

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में मेजबानों ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन बनाए। शिखर धवन ने करियर का 49वां अर्धशतक जमाया। वे करियर का तीसरा शतक जमाने से चूक गए। धवन 99 रन पर नॉटआउट रहे।

### धवन 99 पर नाबाद रहनेवाले चौथे बल्लेबाज

धवन 99 रन पर नाबाद रहने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले सुरेश रैना 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, क्रिस गेल 2019 में बेंगलुरु के खिलाफ, मयंक अग्रवाल 2021 में दिल्ली के खिलाफ शतक चूके थे। इनके अलावा विराट कोहली 2013 में दिल्ली के खिलाफ, पथ्वी शॉ 2019 में कोलकाता के खिलाफ, इशान किशन 2020 में बेंगलुरु के खिलाफ, क्रिस गेल 2020 में राजस्थान के खिलाफ और ऋतुराज गायकवाड 2022 में हैदराबाद के खिलाफ 99 रन के स्कोर पर आउट हुए हैं।

# सरहुल मिलन समारोह में सरई फूल लगाकर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को केंद्रीय सरना समिति, सरना सदान मूलवासी मंच, चडरी सरना समिति, बिरसा यूथ ऑर्गेनाइजेशन, बिरसा विकास जन कल्याण समिति की संयुक्त आयोजन समितियों द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक में सरहुल मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त आयोजन समिति ने की। मंच संचालन सरना सदान मूलवासी मंच के संस्थापक कुमोद कुमार वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत सरई फुल खोसकर और आदिवासी परंपरा से मंच उद्घाटन मुख्य पहान जगलाल पहान के द्वारा की गयी। सभी अतिथियों को सरना अंग वस्त्र (गमछा) बैच और सरहुल मिलन समारोह का प्रतीक चिह्न देकर किया गया। मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि महा पर्व सरहुल की पूजा कर प्रकृति का आभार प्रकट करते हैं। प्रकृति पूजा सरहुल के पश्चात ही हम आदिवासी जन नये साग सब्जी फल फूलों का सेवन करते हैं। गेहूं की कटाई कर खेतों में जोताई कोड़ाई और बुवाई का कार्य प्रारंभ किया जाता है। वहीं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने सरहुल मिलन समारोह के अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासियों की धर्म संस्कृति रीति- रिवाज और रूढ़िवादी प्रथा को आने वाली पीढ़ी को बताना है।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य रूप से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, रांची के विधायक सीपी सिंह, पावर लिफ्टिंग गोल्ड मेडलिस्ट विनीता कच्छप, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अंतू तिर्की, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जयसवाल, कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, महावीर मंडल संचालन समिति सदस्य जय सिंह यादव, सर नामर्चना विकास समिति के अध्यक्ष बुधराम उरांव, झारखंड स्टूडेंट यूनियन के ओम वर्मा, हेदलहातू सरना समिति के अध्यक्ष मुकेश मुंडा, ओरमांझी शर्मा समिति के अध्यक्ष अशोक मुंडा, नागरा टोली सरना समिति के चंदन पहान, विनय अग्रवाल, व्यवसाय कमल सिंघानिया, समाजसेवी राजू लकड़ा, मौलाना आजाद कॉलोनी के प्रोफेसर इलियास मस्जिद, व्यवसाय सुमित सिंह, निरंजना हेरेंज मुंडा, गीता लकड़ा, रिम्स में कार्यरत कृष्णा मलिक, इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक रंजीत टोप्पो, हेमंत बारला, मुख्य पहान जगलाल पहान, बबलू मुंडा, सूरज टोप्पो, कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, विपिन टोप्पो, जिप सदस्य पूर्वी, अर्चना मिर्धा, प्रवीण टोप्पो, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, मोहन तिर्की, अंजू तिर्की, मनोज उरांव, पवन कुमार महतो, अनिल, प्रिया वर्मन, शीतल वर्मा, बिना सिंह, उरांव, अजीत लकड़ा, राधा हेमरोम, ज्योति कश्यप, बेबी गाड़ी, मीरा देवी, अमर मुंडा, आनंद टोप्पो, रोशन टोप्पो, विजय गाड़ी आदि उपस्थित थे।

# कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म

## आज से रांची डिवीजन से ट्रेन सेवाएं रेगुलर होने की उम्मीद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खड़गपुर रेलवे डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर पांच अप्रैल से हड़ताल पर बैठे कुड़मी संगठनों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम राजेश कुमार के मुताबिक खेमाशुली स्टेशन से अब कुड़मी समाज के लोग हट गये हैं। रात करीब 8:30 बजे सभी आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक से बैनर, झंडा लेकर हट गये। इसके बाद एक मालगाड़ी खेमाशुली से टाटानगर की ओर रवाना भी किया गया है। अब जल्द ही खड़गपुर-टाटानगर रेल सेवा सामान्य हो जायेगी। गौरतलब है कि कुड़मी समाज के लोग पांच अप्रैल से खडगपुर डिवीजन के अलग अलग स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक पर आंदोलनरत थे। आदिवासी समाज का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उनके आंदोलन के कारण खडगपुर डिवीजन के अलावा रांची रेलवे डिवीजन की रेल सेवाओं पर भी असर पड़ रहा था। पांच से नौ अप्रैल करीब 130 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा था। इसके अलावा कई गाडियों का रूट बदला गया था। अब आंदोलन समाप्त होने से रेलवे यात्रियों को राहत मिली है। संभावना जतायी जा रही है कि जैसे जैसे रेलवे रैक उपलब्ध होते जायेंगे, सभी रेल सेवाओं को नियमित कर दिया जायेगा।

# 'स्पाइवेयर' राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

फाइनेंशियल टाइम्स-लंदन (एफटी) में दिनांक 31 मार्च 2023 को एक समाचार रिपोर्ट ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार नये स्पाईवेयर के लिए बाजार का रुख किए हुए है। पेगासस का निर्माण और बिक्री करने वाली कम्पनी एनएसओ को अमेरिका ने काली सूची में डाला हुआ है। जिससे एफ.टी. रिपोर्ट उन सरकारों के लिए समस्या समझती है, जो जासूसी उपकरण को तैनात करने का इरादा रखती है। रिपोर्ट ने आगे सुझाव दिया है कि भारत सरकार 120 मिलियन डालर या करीब 1000 करोड़ एनालाग टैक्नोलॉजी पर खर्च करने को तैयार है। इस अनुमानित खरीद के लिए करीब एक दर्जन स्पाईवेयर विक्रेताओं द्वारा अपनी बोली लगाने की उम्मीद है। जिन कंपनियों पर नजर रखी जा रही है उनमें से एक इंटैलैक्सा जो हाल ही में ग्रीस में एक 'सनुपिंग स्कैंडल' में फंसी रही है। ये समाचार रिपोर्ट अगर सही है तो ये स्पष्ट रूप से प्रकट करती है कि निगरानी उद्योग नागरिकों के अधिकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक नया खतरा है। इसे विनियमित करने के लिए हर देश के पास मजबूत कानूनी ढांचा नहीं है। किसी नागरिक के निजी मामलों में कोई निगरानी या घुसपैठ निजता के मौलिक अधिकार, मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। इसलिए इस तरह की किसी भी घुसपैठ को वैधता, आवश्यकता और अनुपातिकता की जरूरतों को पूरा करना चाहिए।

**पुट्टास्वामी मामले के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का एक आंतरिक हिस्सा है जो जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित है।**

पुट्टास्वामी मामले के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का एक आंतरिक हिस्सा है जो जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित है। इसने राज्य निगरानी पर भी निरीक्षण तंत्र की जरूरत पर ध्यान दिया, यह इंगित करते हुए कि ऐसी निगरानी कानूनी रूप से वैध होनी चाहिए और इसका एक वैध उद्देश्य होना चाहिए। पहली आवश्यकता मांग करती है कि सही निगरानी संसद द्वारा विधिवत बनाये गये उचित कानून के तहत की जानी चाहिए। सभी खुफिया और कानून प्रवर्तन एजैंसियों को निगरानी करने की अनुमति दी गयी है। उनके पास एक स्पष्ट, प्रकाशित कानून के आधार पर भूमिकाएं, शक्तियां और जिम्मेदारियां भी होनी चाहिएं जिनके उपयोग और प्रभावों का अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरी कड़ी के लिए एक वैध उद्देश्य की उपस्थिति की जरूरत होती है जोकि सर्वेक्षण किए गए व्यक्ति के अधिकारों पर प्रभाव को ओवरराइड करेगी। ये उद्देश्य अस्पष्ट या अपरिभाषित नहीं हो सकता है। ये समयबद्ध होना चाहिए और इसकी वैधता की पूरी तरह से समीक्षा की जानी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने यूक्रेन पर हमले की जिम्मेदारी पश्चिमी देशों और नैटो का विस्तार करने की उनकी कोशिशों पर डाली थी। उनकी दलील थी कि यूक्रेन के खिलाफ बल प्रयोग के जरिए वह दूसरे देशों के लिए एक लकीर खींच रहे हैं, ताकि वे नैटो से दूर रहें। यूरोप में इतना बड़ा युद्ध शुरू करने का प्रमुख कारण उन्होंने यही बताया था। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने तब कहा था कि वह यह कहने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं कि शायद इसी बात के लिए आगे चल कर हम पूतिन का शुक्रिया अदा करें, क्योंकि उन्होंने वही स्थिति समय से पहले ला दी है, जिसे रोकने का दावा वह कर रहे हैं।**

# भारत-रूस की दोस्ती पर क्यों आ रही आंच



हर्ष वी पंत

फिनलैंड का नैटो (नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन) में शामिल होना उभरते ग्लोबल ऑर्डर पर गहरी छाप डालने वाली घटना है। यूक्रेन पर रूसी हमले ने इस गठबंधन को नई सार्थकता दी है, जिसे शीतयुद्धोत्तर काल में अतीत का अवशेष माना जाने लगा था। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा कि हर राष्ट्र अपनी सुरक्षा पुख्ता करना चाहता है, फिनलैंड भी वही कर रहा है। नैटो मेंबरशिप ने हमारी अंतरराष्ट्रीय स्थिति मजबूत बनायी है। इस घटना ने यह बात पूरी स्पष्टता से रेखांकित कर दी है कि हमारे इतिहास का सैन्य गुटनिरपेक्षता का दौर समाप्त हो गया है और एक नया दौर शुरू हो चुका है। नैटो की सीमा करीब 1300 किलोमीटर तो बढ़ ही चुकी है, स्वीडन भी इसमें शामिल होने का इंतजार कर रहा है।

### उलटा पड़ा दांव

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने यूक्रेन पर हमले की जिम्मेदारी पश्चिमी देशों और नैटो का विस्तार करने की उनकी कोशिशों पर डाली थी। उनकी दलील थी कि यूक्रेन के खिलाफ बल प्रयोग के जरिए वह दूसरे देशों के लिए एक लकीर खींच रहे हैं, ताकि वे नैटो से दूर रहें। यूरोप में इतना बड़ा युद्ध शुरू करने का प्रमुख कारण उन्होंने यही बताया था। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने तब कहा था कि वह यह कहने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं कि शायद इसी बात के लिए आगे चल कर हम पूतिन का शुक्रिया अदा करें, क्योंकि उन्होंने वही स्थिति समय से पहले ला दी है, जिसे रोकने का दावा वह कर रहे हैं।

**अपनी मातृभूमि की रक्षा के संकल्प के साथ यूक्रेनी नागरिक हर कदम पर जान की बाजी लगाते हुए रूसियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।**



**अव्वल तो रूस और चीन के बीच समझौते से भारत में आशंका पैदा हुई है। भारत और रूस के बीच के रक्षा संबंधों में आ रही मुश्किलों का अंदाजा इस बात से भी होता है कि भारतीय वायुसेना ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यूक्रेन युद्ध की वजह से मॉस्को भारत को जरूरी रक्षा सप्लाई मुहैया कराने का वादा पूरा करने की स्थिति में नहीं है।**

इस बात पर काफी चर्चा होती रही है कि पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला करने के बाद से जंग के मैदान में रूसी फौज को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी देशों के सहयोग की बदौलत यूक्रेन ने लगभग हर स्तर पर रूसियों के पसीने छुड़ा दिये हैं।

लॉजिस्टिक्स से जुड़ी समस्याओं और कमांड एवं कंट्रोल से जुड़े मसलों ने भी रूसी फौज के प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

अपनी मातृभूमि की रक्षा के संकल्प के साथ यूक्रेनी नागरिक हर कदम पर जान की बाजी लगाते हुए रूसियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। उन्होंने जंग के मैदान में तो बढ़िया प्रदर्शन किया ही है, दुनिया में कई देशों का रुख अपनी ओर करने में भी काफी हद तक सफल रहे हैं।

दूसरी ओर रूस मान कर चल रहा था कि कुछ दिनों नहीं तो हफ्तों के अंदर तो यूक्रेन को ध्वस्त कर देगा, वह बुरी तरह मात खाया दिख रहा है। इसीलिए रूस को परमाणु हथियारों की धमकी का सहारा लेना पड़ा।

### एकजुट हुआ यूरोप

रूस के लिए असली चुनौती सामरिक स्तर पर है। रूसी हमले ने एक झटके में न केवल पश्चिम को एकजुट कर दिया, बल्कि उसे दूसरे विश्व युद्ध के बाद की अपनी सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से विचार करने को भी मजबूर किया। जर्मनी जैसे देश के लिए भी यह घटना सामरिक नजरिए से महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। नैटो एक तरह से जैसे पुनर्जीवित हो गया और फिनलैंड, स्वीडन जैसे पारंपरिक तौर पर गुटनिरपेक्ष देश भी अपने लंबे समय से चले आ रहे रुख पर पुनर्विचार करने को मजबूर हुए। फिनलैंड में नैटो में शामिल होने के सवाल पर लोगों का समर्थन 80 फीसदी तक पहुंच गया, जिससे स्वाभाविक ही नीति निर्माताओं के लिए फैसला करना आसान हो गया।

रूस के लिए इसका मतलब होगा चीन से और ज्यादा करीबी, लेकिन उसके जूनियर पार्टनर के रूप में। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने पूतिन की जूनियर पार्टनर की हैसियत तभी स्पष्ट हो गयी थी, जब चिनफिंग हाल में रूस के दौरे पर आये थे। दोनों देशों ने प्रायॉरिटी पार्टनर्स के तौर पर संयुक्त वक्तव्य में संकल्प लिया कि क्षेत्रीय अखंडता के सवाल पर एक-दूसरे का समर्थन करेंगे।

क्वॉड जैसे उभरते गठबंधनों के मद्देनजर दोनों ने एशिया-पैसिफिक में अपना-अपना ब्लॉक बनाने की मानसिकता का विरोध किया और इसकी जगह पर ऐसा सिक्यॉरिटी सिस्टम बनाने का संकल्प लिया, जो समान और सबके लिए खुला होगा। बराबरी वाली पार्टनरशिप जैसे जुमलों के पीछे की हकीकत यह देखने पर साफ हो जाती है कि इस वक्त किसे किसकी जरूरत है।

हाल ही में जारी विदेश नीति की रणनीति में रूस ने चीन और भारत को मित्र राष्ट्र के रूप में रेखांकित किया है। आज जब वह पश्चिमी देशों से घिरा हुआ है, तब वह भारत से सहयोग बढ़ाना चाहता है, लेकिन रूस जो भी चाहे, सच्चाई यह है कि दोनों देशों के रिश्तों में कई स्तरों पर चुनौतियां बढ़ रही हैं।

अव्वल तो रूस और चीन के बीच समझौते से भारत में आशंका पैदा हुई है। भारत और रूस के बीच के रक्षा संबंधों में आ रही मुश्किलों का अंदाजा इस बात से भी होता है कि भारतीय वायुसेना ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यूक्रेन युद्ध की वजह से मॉस्को भारत को जरूरी रक्षा सप्लाई मुहैया कराने का वादा पूरा करने की स्थिति में नहीं है। जाहिर है, सीमा पर चीन के साथ तनाव को देखते हुए भारत इस स्थिति को ज्यादा समय तक स्वीकार नहीं कर सकता।

वैसे सच यह भी है कि भारत, रूस से अपने रिश्तों को प्रभावित नहीं होने देना चाहेगा। लेकिन हालात तेजी से बदलते जा रहे हैं और भारत को हथियारों के लिए कोई वैकल्पिक ठिकाना तलाशना होगा।

### बुनियादी संरचना में बदलाव

साफ है कि यूरोप की सुरक्षा संरचना को आकार देने वाले बुनियादी कारकों में बदलाव आ रहा है और उनका प्रभाव भारत की विदेश नीति पर भी पड़ रहा है। रूस के साथ भारत के रिश्ते भी इससे अप्रभावित नहीं रह सकते। भारत यही उम्मीद कर रहा है कि सब कुछ ठीक रहे, लेकिन उसे बुरे नतीजों के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

**(लेखक किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# अखिल भारतीय मानव कल्याण सेवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मानव कल्याण सेवा समिति का द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन साकची स्थित एक होटल में किया गया। रविवार को झारखंड प्रदेश युवा कमिटि के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि पूर्व कमिश्नर मोहन लाल राय, सम्मानित अतिथि सीसीआर डीएसपी अनिमेश गुप्ता, समिति के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रो डॉ राजीव कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस डी प्रसाद व युनाईटेड ब्यूरो ऑफ ह्यूमन राईट्स एण्ड क्राईम कंट्रोल के नेशनल प्रेसिडेंट राज सिंह उपस्थित हुए। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार अग्रहरि के द्वारा सभी अतिथियों को फुलों का गुलदस्ता, शॉल व मेंमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने मानव कल्याण समिति के युवा टीम व राष्ट्रीय टीम के कार्य की सराहना की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार ऐसे समाज कल्याण के कार्यों को बढावा देती है। जहां आवश्यकता होगी समाज के लिए सदा खड़ा रहेंगे। उन्होंने कहा राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता कर रांची में एक भवन लिए प्रयास करेंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबास चंद्र अग्रहरि व प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय राज ने मंत्री को समाज कल्याण कार्य के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की। मंत्री को समिति के झारखंड प्रदेश के संरक्षक बनने पर बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। युवा अध्यक्ष पवन ने कहा समाज सेवा करने वालों से ईश्वर भी प्रसन्न रहता है। ऐसा करने से मन की शांति मिलती है।

कार्यक्रम का संचालन महिधर श्याम व राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद् व समिति के प्रदेश महामंत्री मनोज गुप्ता के द्वारा किया गया।

# मानगो में पद्मश्री डॉ जानुम सिंह सोय नृत्य गीत के साथ पैर धोकर किया गया स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार को मानगो चौक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मश्री डॉ जनूम सिंह सोय को पद्मश्री पुरस्कार 5 अप्रैल को दिल्ली में प्राप्त करने के पश्चात जमशेदपुर आगमन पर भव्य तरीके से दामा-दुमंग के थाप पर पारम्परिक नृत्य और.पैर धोकर स्वागत किया गया. डॉ. जानुम सोय को झारखंड की ह्यहो ह्यभाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए यह सम्मान मिला है. वह पिछले 3 दशक से भी अधिक समय से इस भाषा पर काम कर रहे हैं. 72 वर्षीय जानुम सिंह हो भाषा पर 6 किताबें भी लिखी है.डॉ जनूम सिंह सोय ने कहा कि यह सम्मान मिलना गर्व कि बात है मगर जब तक हो भाषा को आठवीं अनुसूची शामिल नही किया जाता तब तक हम लोगो का संघर्ष जारी रहना चाहिए. साहित्य,फिल्म,नाटक आदि पर सम्मेलन आयोजन होते रहना चाहिए। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कोल्हान विश्विद्यालय संयोजक सुरा बिरूली ने कहा कि पद्मश्री डा जानुम सिंह सोय का पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाना झारखंडी अस्मिता की राष्ट्रीय सम्मान है और आदिवासी समुदाय के सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक विमर्श की प्रतीक है. इस अवसर पर सुरा बिरूली ,दुर्गा चरण बारी ,कैलाश बिरूवा ,रोशन पूर्ति ,शांति सिंदू,निकिता बिरूली ,सूरजू बास्के ,गोमिया सूंडी ,राय सिंह बिरुबा,माधवी बानसिंह,रामराय ,रवि सवैया ,उपेंद्र, संगीता समद ,प्रियंका ,राजकुमार ,सोमेश्वर मुर्मू आदि थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत :ऑल इंडिया हो लेंग्वेज एक्शन कमिटी, आदिवासी हो समाज महासभा, आदिवासी हो समाज युवा महासभा, उलीडीह, ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन ,मानकी मुंडा संघ, हो उम्बूल ट्रस्ट, उलीडीह ग्रामसभा ,आदिवासी जनकल्याण समिति आदि ने संयुक्त रूप से स्वागत किया।

# शास्त्री नगर में पथराव और आगजनी की घटना को अंजाम देकर अशांत करने का किया गया प्रयास

**कदमा शास्त्रीनगर में निषेधाज्ञा लागू, पुलिस ने लाठीचार्ज कर आंसू गैस के गोले छोड़े**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में हुए हंगामे को अब शांत तक नहीं कराया जा सका है. हालांकि प्रशासन ने धारा 144 निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। कदमा शास्त्री नगर में हुए हंगामे की सूचना पाते ही जमशेदपुर के एसडीओ पियूष सिन्हा और सिटी एसपी के शंकर समेत पूरा दलबल वहां पहुंचा। इन लोगों ने यहां आते ही पहले दोनों गुटों को एक तरफ रोकने की कोशिश की लेकिन दोनों तरफ से काफी हो हंगामा हो रहा था और नारेबाजी हो रही थी। हंगामा के बाद जब प्रशासन के कंट्रोल में भीड़ ना हो पाई तब प्रशासन ने वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी. इसके बाद पुलिस ने दोनों तरफ लाठीचार्ज की। इस लाठीचार्ज का विरोध भी कुछ लोगों ने किया। पुलिस पर पथराव भी किया गया जिसमें कुछ पुलिसवाले भी घायल हुए. दोनों उनके हंगामे को किसी तरह शांत कराया जा सका लेकिन बाद में शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 के पास अचानक से पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया गया जिसके बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई. पुलिस की टीम ने फिर से सख्ती दिखाई. अतिरिक्त पुलिस बलों को वहां तैनात किया गया। खुद जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार को भी वहां उतरना पड़ा। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वहां आंसू गैस भी छोड़े गए. फिलहाल माहौल बहुत तनावपूर्ण है लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है. पुलिस टीम वहां गस्ती कर रही है जबकि पूरे एरिया को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** मारवाड़ी धर्मशाला सरायकेला में मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा नवगठित टीम का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आकाश अग्रवाल को अध्यक्ष एवं नितीश चौधरी को उपाध्यक्ष व उनकी नई टीम को मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता द्वारा पूर्व अध्यक्ष व और उनकी टीम के कार्यकाल को बेहतर कार्यकाल बताया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सरायकेला नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे राष्ट्र में 800 शाखाओं के द्वारा समाज सेवा के नए सोपान लिख रहा है। मंच से संस्थापक अध्यक्ष प्रेमचंद्र अग्रवाल, निवर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकाश अग्रवाल एवं महिला मंच की रेखा सेकसरिया, स्नेहलता चौधरी एवं आशुतोष चौधरी ने संबोधन किया. जबकि मंच संचालन आकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। नई कमेटी के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितीश चौधरी, सचिव आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशुतोष चौधरी, मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक साकेत सेक्सरिया सहित अन्य संयोजकों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम में समाज के मारवाड़ी समाज के सभी अभिभावक एवं युवा साथी एवं मारवाड़ी महिला समिति भी उपस्थित रही।

# गम्हरिया थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर दुकान में चोरी, सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ चोर

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** शनिवार की रात गम्हरिया थाना से 500 मीटर की दूरी पर स्थित जगन्नाथ ट्रेडर्स में दुकान के छत के शीट को काट कर घुसे चोर ने कैश बॉक्स को खाली कर दिया. दुकानदार प्रमोद कुमार अग्रवाल के अनुसार शनिवार देर शाम 7:30 बजे के करीब दुकान को बंद कर वह घर चले गए. दूसरे दिन सुबह रविवार को 8: 30 बजे दुकान को खोल अंदर घुसे तो उन्होंने देखा कि कैश काउंटर पूरा खुला हुआ और सामान इधर- उधर बिखरे हुए हैं. वहीं प्रमोद के अनुसार दुकान के कैश काउंटर में रुपए 60000 रखा हुआ था. जिसे चोर ने चोरी कर लिया साथ ही कैमरा को भी अपने संग ले गया। वहीं जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो उसमें एक चोर ऊपर सीट को काट कूदकर नीचे उतरा और दुकान के गल्ला को खोलकर उसमें से पैसा वैगरह निकाला और यहां तक की काउंटर में बैठकर ब्राउन शुगर का नशा भी किया। जिसकी लिखित सूचना दुकानदार द्वारा गम्हरिया थाना को दी गई है। वहीं गम्हरिया पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे चोर की तलाश में जुट गई है। आपको बताते चलें कि इन दिनों पूरे सरायकेला जिले में नशाखोरी का धंधा बढ़ चला है जिसके चलते आए दिनों लगभग किसी न किसी कम्पनी, दुकान एवं घरों में चोरी की घटना घटित हो रही है।

# नगर निगम से जन समस्याओं के समाधान की मांग

**कहा- मांगे पूरी नहीं हुई तो जलाडो संस्था करेगी आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सामाजिक संस्था झारखंड लीगल एडवाइजरी एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन ने गर्मी में पेयजल की किल्लत को देखते हुए नगर निगम से टैंकरों की संख्या बढ़ाने की मांग की। रविवार को संस्था ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर जहां पाइप लाइन नहीं है वहां पर्याप्त मात्रा में टैंकर भेजने का आग्रह किया। मौके पर संगठन के अधिकारियों ने कई जनसमस्याओं को उठा कर समाधान की मांग की। टैंकर से जलापूर्ति सभी वार्डों में करने व वार्ड 17 में आधा दर्जन टैंकर रेग्युलर भेजने की मांग की। साथ ही विद्युत विभाग से गर्मी के मौसम में लोड शेडिंग बंद करने और 22 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। वही नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति, सीवरेज, गैस पाइप लाइन का कार्य कर रही सरकारी एजेंसी जुडको को लेटलतीफी से बाज आने और योजनाओं को सीरियस लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा जल्द कार्य पूरा नहीं होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं जलाडो ने बिष्टुपुर पीएम मॉल से लेकर खरकई पुल पर लगने वाले अवैध ठेले व खोमचों को अविलंब हटाने का आग्रह दोनों जिले के प्रशासन से किया। उन्होंने कहा इसकी वजह से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने की संभावना बनी रहती है। इस अवसर पर संगठन के अधिकारी व अधिवक्ता ओमप्रकाश, सुनील कुमार स्वाई, दिलीप साहू और कृष्णा प्रसाद शामिल रहे।

**कार्यक्रम :** अखिल भारतीय दबगर जाति राष्ट्रीय महासम्मेलन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# दबगर समाज ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभायी है

**मंत्री ने दबगर समाज के जर्जर सामुदायिक भवन को अपने निजी खर्चे पर बनवाने की घोषणा की**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** जिले में दबगर समाज अस्थाई संयुक्त राज्य संगठन सह अखिल भारतीय दबगर महासंघ की ओर से अखिल भारतीय दबगर जाति राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन भीलवाड़ा के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक कन्हैया लाल चौहान, अजमेर से आये नेपीचंद्र चौहान, भंवरलाल चौहान, अहमदाबाद से आये अरूणभाई मोदी एवं जीतन भाई मोदी ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से दबगर समाज के लोग उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों ने संबोधन में कहा कि आज समाज को संगठित होने की जरूरत है। समाज बढ़ने के कारण आज शिक्षा सहित विभिन्न दिशाओं में आगे नहीं बढ़ रहा है। धनगर समाज के युवाओं को शिक्षित होने की जरूरत है, तभी वह समाज को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज यह राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी प्रदेशों के दबगर समाज के लोग शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज के विभिन्न प्रदेशों में समाज के लोग अपना अलग-अलग टाइटल लगाकर अपनी जाति को छुपा रहे हैं। जो समाज हित में ठीक नहीं है।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन में लगी भीड़ साबित करती है कि समाज काफी संगठित है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चल रही है। खासकर दबे कुचले अत्यंत गरीब असहाय लोगों को आज सरकार विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर आत्मनिर्भर बना रही है। दबगर समाज के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं, जब भी जरूरत होगी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि दबगर समाज ने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। आज समाज शिक्षित हुआ है। हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने दबगर समाज के जर्जर सामुदायिक भवन को अपने निजी खर्चे पर बनवाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि समाज के उत्थान के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं। जब भी समाज के लोगों को हमारी जरूरत पड़ेगी हम उनके लिए खड़े रहेंगे। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने कहा कि गढ़वा की धरती पर यह सबसे बड़ा आयोजन है। दबगर समाज की ओर से इतना बड़ा आयोजन आज तक नहीं हुआ था। दबगर समाज के लोगों के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं।

मौके पर संतोष केसरी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, संयुक्त स्थाई संगठन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, रामानुजगंज दबगर समाज के अध्यक्ष उमेश दास, एसएस प्रसाद, कानपुर से रामनरेश दास, गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष बबलू दास, अंतू दास, मुकेश दास, सचिव उदय दास, कोषाध्यक्ष उदय कुमार दास, संरक्षक चंद्रिका दास, महंत रामदास, संतोष दास, सुनील दास, अनिल दास, संगठन मंत्री संतोष कुमार शामिल थे।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को दिलायी गयी शपथ



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अल्का मैरेज गार्डेन में दोपहर के 2:00 बजे मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडे निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, मोजामुद्दीन जी भी उपस्थित थे। शपथ लेने वाले अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, सचिव अनुप निराला, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य राहुल कुमार जयसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, शंभूनाथ सौदागर, उमेश कुमार ,देव शंकर प्रसाद, भारत प्रसाद, प्रमोद कुमार, ललित किशोर, आशुतोष रंजन, गोपाल जयसवाल, हीरालाल, प्रमोद कमलापुरी, शुभम कुमार शिवम कुमार गौतम कुमार अंकित कुमार अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाबा तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन




**रंका (आजाद सिपाही)।** अंजुमन कमेटी अनुमंडल इकाई रंका के तत्वावधान में बाबा तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण में रमजान ए पाक के मौके पर रविवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। यह इफ्तार पार्टी का शुभारंभ संध्या बेला 6.15 बजे नमाज अदा करने के क्रम में किया गया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा तक्कूशाह दाता के मजार पर शीश झुकाया और क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने की दुआ मांगी। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, रंका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, सचिव इरफान अंसारी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, मुकेश तिवारी, मोबिन खान, मदन खान, फिरोज, सलीम, नौशाद राम, आफताब आलम, सदर शोएब खलिफा, कार्तिक पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रमुख हेमंत लकड़ा सहित गढ़वा जिला व रंका अनुमंडल क्षेत्र के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद ददई दुबे की पुत्र वधू की ब्रह्मभोज में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश, दी सांत्वना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रदेश के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर रविवार को प्रखंड के चोका गांव पहुंचकर पूर्व सांसद ददई दुबे की पुत्र बधू चित्रा दुबे के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री ने ददई दुबे के यहां पहुंचकर मृतका चित्रा दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। मंत्री ने पूर्व सांसद से मिल कर इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की बात कही। ददई दुबे ने मंत्री से कहा कि बेटा के बाद फिर बहू को खोने के बाद मैं टूट सा गया हूं। मंत्री ने कहा मैं आपके साथ हूं। बस हिम्मत के साथ काम लेना है। मौके पर जेएमएम जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, प्रभात कुमार दुबे, मुन्ना ठाकुर, अंजनी सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# देसी कट्टा और गोली के साथ एक युवक गिरफ्तार

**टाइगर मोबाइल की सूचना पर गढ़वा पुलिस ने की छापेमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सदर थाना पुलिस ने शनिवार को टाइगर मोबाइल के द्वारा मिली सूचना के बाद उचरी लाइन उस पार से पारस महतो के घर के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद युवक की तलाशी के दौरान पुलिस को युवक के पास से एक देसी कट्टा, जिंदा गोली व मोबाइल बरामद हुआ है।

बरामदगी के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि टाइगर मोबाइल अरुण प्रकाश बैठा एवं सोमेंद्र कुमार सिंह के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि ऊंचरी लाइन पार पारस महतो के घर के इर्द-गिर्द एक युवक को देसी कट्टा के साथ घूमते हुए देखा गया है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार पुलिस अवर निरीक्षक थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में शनिवार की संध्या गश्ती में भ्रमण पुलिस पदाधिकारी एवं जवान को निर्देश देते हुए छापेमारी की गयी। सूचना सत्यापन उपरांत एक संदिग्ध व्यक्ति को पारस महतो के घर के पास घूमता हुआ देखा गया। इसके बाद युवक ने पुलिस बल को देख भागने का प्रयास किया। तत्पश्चात पुलिस ने उस युवक को पकड़ लिया और उसके बाद युवक की तलाशी के दौरान युवक की कमर में जींस और टीशर्ट से छुपाया हुआ एक देसी, कट्टा एक जिंदा गोली व मोबाइल फोन बरामद किया गया। युवक की पहचान सदर थाना क्षेत्र उचरी अलीनगर मोहल्ला निवासी निजामुद्दीन अंसारी के पुत्र इसरार अंसारी (27) के रूप में हुई है। साथ ही युवक से पूछताछ के क्रम में यह पता चला कि युवक इंस्टाग्राम पर देसी कट्टा को लहराते हुए वीडियो बनाया करता था। वहीं युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

छापेमारी टीम में शहर थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार सहायक अवर निरीक्षक समीम अंसारी अरुण प्रकाश बैठा रविंद्र कुमार सिंह नंदलाल कुमार राहुल कुमार शामिल थे।

## ईस्टर पर ईसाई समुदाय ने पूर्वजों की कब्र पर कैंडल जला कर दी श्रद्धांजलि



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में ईसाई समुदाय का ईस्टर पर्व भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस मौके पर ईसाई समुदाय के सभी कब्रिस्तानों को साफ-सफाई एवं रंग रोगन कर सजाया गया था। ईस्टर पर्व पर ईसाई धर्मावलंबियों ने 3:00 बजे भोर में ही कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वजों के कब्रों में कैंडल जलाकर एवं फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडरिया सीएनआई चर्च से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोग गाजे-बाजे के साथ कब्रिस्तान पहुंचे। कब्रिस्तान से लौटकर भंडरिया सीएनआई चर्च में फादर पुरोहित आलेक्सियुस गुड़िया एवं जेम्स कुजूर द्वारा आराधना करायी गयी। मौके पर फादर अलेक्सियुस गुड़िया ने प्रभु यीशु मसीह के शुभ संदेश को सुनाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को पाप से मुक्ति हेतु प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था। प्रभु यीशु तीसरे दिन पुनः जीवित हो उठे थे। इस घटना का वर्णन करते हुए फादर ने प्रभु यीशु के शुभ संदेश को सुनाया। इस मौके पर भंडरिया, कंजिया, खजुरी, जमौति सहित अनेक चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके भक्ति गीत प्रस्तुत की गयी। मौके पर भंडरिया सीएनआई चर्च में पुरोहित द्वारा पवित्र प्रभु भोज का अनुष्ठान कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर तिमुथ्युस कुजूर, किरुस समद, डेविड गिद्ध, नीलकांत समद, रोविन्शन कच्छप, सुशीला केरकेट्टा, रवींद्र सिंह, लॉरेंस कुजूर, अमल प्रभात तिर्की, मेरोलीन बाखला, नीलम कुजूर, शोभावती कुजूर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का किया गर्मजोशी से स्वागत



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को पूर्व मंत्री ददई दुबे की बहू के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में चोका कांडी जाने के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉ एसएन त्रिपाठी के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जहां उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, मिथलेश ठाकुर जिंदाबाद नारों के उद्घोष के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डॉ एसएन त्रिपाठी ने प्रखंड क्षेत्र में पानी की किल्लत एवं भूमि जल स्तर नीचे जाने से संबंधित समस्याओं के निपटारा हेतु सभी पंचायतों में पांच-पांच चापा कल निर्गत हेतु आग्रह किया। वहीं उपस्थित युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी ने क्षेत्र में पानी की किल्लत जैसी अन्य मूलभूत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जहां मंत्री मिथलेश ठाकुर ने पानी से संबंधित समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डॉ एसएन त्रिपाठी, युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी, विजय कमलापुरी, सहित दर्जनों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिरविहीन शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप

**पुलिस जांच में जुटी, शव की पहचान मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव निवासी गोरख साव के रूप में हुई है**

नवीन कुमार गुप्ता



**भवनाथपुर/ गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मगरदह टोला के बहरवा घाटी में दुर्गंधित सिर विहीन शव मिलने से सनसनी मच गई। शव की पहचान मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता गोरख साव के रूप में हुई है।

मृतक का शव देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति की हत्या तीन-चार दिन पूर्व की गई है। शव के ऊपरी हिस्से में गर्दन एवं सिर गायब हैं। शव के ऊपरी हिस्से को जंगली जानवर द्वारा क्षति पहुंचायी गयी है या नहीं यह जांच का विषय है।

घटना स्थल पर पहुंचे मृतक के भाई जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि बीरेंद्र मजदूरों को बाहर कम्पनी में भेजने का ठेकेदारी करता था। बीते 4 अप्रैल को गढ़वा जाने की बात कह कर घर से निकला था। वह घर के लोगों द्वारा फोन किये जाने के बाद कोई भी फोन रिसीव नहीं कर रहा था। व्हाट्सएप करने के बाद मैसेज देखे जाने का ऑप्शन तो दिख रहा था किंतु उधर से कोई रिप्लाई नहीं आ रहा था। वैसे अभी भी कभी-कभी फोन लग रहा है किंतु कोई रिसीव नहीं कर रहा है। घटनास्थल पर बरामद बाइक के नम्बर से एड्रेस पता कर प्रशासन द्वारा हमें सूचना दी गयी। जितेंद्र प्रसाद ने उमेश प्रसाद पिता झरि साह एवं संतोष प्रसाद पर हत्या करने की आशंका व्यक्त की है। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार की रात भवनाथपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर गयी थी किन्तु शव से आ रही बदबू के कारण आगे की कोई प्रक्रिया नहीं हो सकी। रविवार की सुबह पुनः भवनाथपुर थाना पुलिस बहेरवा घाटी गयी एवं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजने की प्रक्रिया में लगी हुई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि शव की पहचान मोरबे निवासी वीरेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है, जिनका घर डालटेनगंज के चैनपुर एवं गढ़वा में भी बताया जा रहा है। मौके से बाइक भी बरामद हुई है। अनुसंधान की प्रक्रिया चल रही है।

## बेड़ो के बारीडीह हनुमान मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित बजरंग बली हनुमान मंदिर का 33 वां वार्षिक स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी लाल बाबा ने बताया कि गणेश पूजा,नवग्रह पूजा पंचदेव पूजा,षोडशो मातृका पूजा व बजरंगबली की पूजा की जाएगी।इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं वार्षिकोत्सव के मौके पर 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भोग भंडारा का वितरण किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश के कटनी से कांडी के मजदूर युवक का शव आने पर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**मुखिया प्रतिनिधि के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ से मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के घोड़दाग गांव निवासी स्व. सोमारू रजवार के 25 वर्षीय पुत्र सकेंद्र रजवार की परदेस में ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सकेंद्र मध्य प्रदेश के कटनी स्थित जीआरडीटी कंपनी में एक माह पूर्व मजदूरी करने गया था। जहां वह रहने के लिए लगाए गए एक टेंट में सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। गांव के ही उसके कुछ साथियों द्वारा रीवां अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि सकेंद्र ही अपने परिवार का एकलौता कमाऊ सदस्य था। उसी की मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण होता था। मौत की खबर पाकर परिवार के ऊपर मानों पहाड़ टूट पड़ा। मृतक की मां, पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बूरा हाल है। मृतक अपने पीछे बूढ़ी एवं विधवा मां, पत्नी सरोज देवी, बड़ी पुत्री स्वीटी पांच वर्ष, ब्यूटी तीन वर्ष व एक पुत्र राकेश डेढ़ वर्ष को छोड़ गया है। सकेंद्र रजवार ने गांव घर में ही मजदूरी कर परिजनों के भरण पोषण के लिए अपना जॉब कार्ड भी बनवा रखा था। जिसका नंबर जेएच 07- 011- 002- 115/1325 था। जबकि गरीब मजदूर की गरीबी रेखा संख्या यानि बीपीएल नंबर 20200048847 है। इस दुखद खबर के मिलने पर मृतक के आवास पर अपने गांव के साथ-साथ निकट के गांवों के सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। सभी इस गरीब नौजवान की आकस्मिक मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर रहे थे। मृतक सकेंद्र रजवार के पोस्टमार्टम के बाद रविवार की सुबह शव घर लाया गया। शव पहुंचते ही हजारों की भीड़ जुट गई। इधर घर व गांव में कोहराम मच गया। वृद्धा मां, पत्नी व बच्चे पछाड़ें खाकर शव पर गिर पड़े। रो रोकर उनका बूरा हाल था। गांव के ही श्मशान घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़े भाई रामजी रजवार ने मुखाग्नि दी। इधर चटनियां पंचायत की मुखिया पूजा देवी के प्रतिनिधि लालू यादव के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से कांडी के बीडीओ मनोज कुमार तिवारी से मृतक के आश्रित को आपदा राहत कोष से मुआवजा व पारिवारिक लाभ सहित अन्य लाभ दिलाने की मांग की है।

मौके पर शिवनाथ यादव, अवधेश रजवार, उमेश यादव, सुरेश यादव, देवेन्द्र यादव, हरेंद्र यादव, रामजी रजवार, विनय रजवार, विजय रजवार, दिनेश रजवार, सतन रजवार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** चतरा सांसद सुनील सिंह ने गढ़वा में सरकार पर जम कर बोला हमला, कहा

# भ्रष्ट सरकार के विरोध में भाजपा 11 अप्रैल को घेरने जा रही है सचिवालय

**परिसदन भवन में भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर आंदोलन की तैयारियों पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर आज चतरा के सांसद सुनील सिंह गढ़वा पहुंचे। जहां उनके द्वारा परिसदन भवन में भाजपा नेताओं के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया और नेताओं को यह आदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोग सचिवालय घेराव में पहुंचे। वहीं प्रेस वार्ता कर चतरा सांसद सुनील सिंह ने कहा कि 11 अप्रैल को रांची सचिवालय का घेराव भाजपा करने जा रही है, जिसे लेकर हर जिले में भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर सचिवालय घेराव को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को लाने की अपील की गयी। साथ ही कहा कि हेमंत की सरकार सिर्फ लूटने का कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी जन आंदोलन और जनमानस के मजबूती के साथ प्रदर्शन करेगी। साथ ही कहा कि इस सरकार ने युवाओं को ठगने का कार्य किया है। आदिवासियों के नाम पर अपना खेल खेल रही है। इस सरकार में जिस तरह महिलाओं के साथ शोषण हो रहा है, किसानों का सही समय पर धान की खरीद नहीं की गयी, यह सरकार तो सिर्फ लूट में लगी हुई है। एक ओर जहां बालू लूट, पत्थर, कोयला की लूट में मस्त है तो दूसरी ओर ट्रांसफर पोस्टिंग में जुटी हुई है। हेमंत की सरकार में सीबीआई इडी का छापा ना पड़े इसके लिए महागठबंधन न्यायालय से सिर्फ मांग कर अपना बचाव करने में जुटा हुआ है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पूरी तरह से हावी है। यह सरकार जन भावना को भयभीत कर रही है। इस तरह के संघर्ष से हम भागने वाले नहीं हैं। यह साजिश नहीं चलने वाली है। इनकी ऐसी चेतना से हमें कार्य में प्रगति मिलती है। हेमंत सरकार विकास विरोधी है। मौके पर पलामू सांसद बीडी राम जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, जवाहर पासवान, बबलू पटवा, संतोष दुबे, विकास स्वदेशी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
08

## ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरुत्थान का पर्व है : फादर हिलारियुस तिग्गा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी स्थित शांतिनगर स्थित चर्च में रविवार को ईस्टर पर्व (पाम संडे) धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रवेश भजन गाया गया। उसके बाद फादर हिलारियुस तिग्गा व फादर अमृत कुजूर ने मिस्सा पूजा कराया। मौके पर अपने संदेश में फादर हिलारियुस तिग्गा ने कहा कि ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरूत्थान का पर्व है। उन्होने कहा कि गुडफ्राईडे के दूसरे दिन प्रभु यीशू जी उठते है और प्रभु यीशू के पुनर्जीवित होने का पर्व मसीही पूरे धुमधाम से मनाते है। उन्होने कहा कि इस दिन मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति को संदेश दिया था कि जो कोई परमेश्वर पर विश्वास करेगा वह मृत्यु से छुटकारा पायेगा और अनन्त जीवन प्राप्त करेगा। इस मौके पर सिस्टर जयंती, सिस्टर लुसिया, सिस्टर सुसाना लकड़ा, जोइशी कुजूर, पारसनाथ उरांव, लुइस कुजूर, ज्ञान कुजूर, नरेश करमाली, प्रकाश कुजूर, सी कुजूर, मुकुल केरकेट्टा, राबिन एक्का, तेरेसा कुजूर, तेरेसा तिग्गा, ज्योति कुजूर, इनोसेंट कुजूर, अनूप मुंडा, वीणा कुजूर, अर्चना खलखो, अनुज खलखो, राहुलराज सोरेंग, जॉन सोरेंग, अनुग्रह टोप्पो, अन्ना खलखो, नितिन कुजूर, कैरोलिना मिंझ आदि उपस्थित थे।

## धमधमियां चौक में कार दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के धमधमियां चौक में रविवार की शाम छह बजे सड़क दुर्घटना में कार सवार तीन लोग व बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गये। दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार डकरा निवासी धनंजय सिंह अपनी कार में आनंद दूबे व अनिल तुरी को लेकर धमधमियां गये थे। सभी नशे में धुत थे। इसी क्रम में धमधमियां चैक के पास नवाडीह निवासी विजय ठाकुर की हीरो होण्डा सीडी डिल्कस मोटरसाईकिल नंबर जेएच 01 एच 6006 में टक्कर मारते हुए देव प्रसाद सिंह के घर की दिवार को धक्का मारते हुए रूक गया। विजय ने बताया कि उसके गाड़ी को कार ने जैसे ही टक्कर मारा वे दुसरी तरफ कुद कर जान बचाये। विजय के हाथ-पैर में चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाईकिल सवार विजय को टक्कर मारने से पूर्व कार चालक अन्य तीन चार वाहनों से टकराते हुए भी बचा। वहीं कार में लगे एयर बैग के कारण चालक धनंजय सिंह की जान बच गयी और उसे हाथ-पैर में चोट लगी। जबकि कार सवार आनन्द दुबे का सिर फट गया और उसे भी हाथ में काफी चोट आयी। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचकर सभी का स्थानीय चिकित्सक के पास ईलाज कराया। घटना की जानकारी पाकर खलारी पुलिस पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर सभी घायलों को डकरा अस्पताल ले गयी।

## टीएसपीसी के नये जोनल सदस्यों की घोषणा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** टीएसपीसी के जोनल सचिव कॉमरेड अजय जी ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संगठन की ओर से पुनः इलाका विस्तार व नए जोनल सदस्यों को इलाका की जिम्मेवारी दी गई है। बताया कि टीएसपीसी के नाम से क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अपराधिक गिरोह द्वारा आम जनता, ठेकेदार, कोयला व्यसायी व व्यापारियों को डरा धमका कर रुपए पैसो का उगाही किया जा रहा है। आम जनता, कोयला व्यवसायी व ठेकेदारो को कहा कि इन गलत लोगो के झांसे मे न पड़े। साथ ही कुछ लोग संगठन के आदेश के बिना गलत काम कर रहे है और संगठन को बदनाम कर रहे है। ऐसे लोगों से सावधान रहे। बताया कि नए जोनल की जिम्मेवारी कॉमरेड जयमंगल जी को चतरा क्षेत्र, कॉमरेड सिकंदर जी को राँची, रामगढ़, हजारीबाग का क्षेत्र और कॉमरेट अभिषेक जी को लातेहार का क्षेत्र दिया गया है।

## रोहिणी में आरकेएमयू की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनीयन रोहिणी शाखा की बैठक हुई। बैठक में रोहणी परियोजना के श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। बैठक मे धमधमिया,अशोक विहार कोलोनी में वार्षिक रख रखाव के कार्य मे कई अनियमितता पर भी चर्चा की गई। बैठक में ललन प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, फुलेश्वर यादव, राघव चैबै, जेड एच खान, तिला महतो, दीपनारायण महतो, प्रदीप प्रसाद, रामजी यादव धर्मेंदर सिंह, प्रमिला देवी, सचिन गिरि, बिरबल उरांव, अजय प्रसाद, जयपाल सिंह, सावित्री कुमारी, मिना देवी, बबिता कुमारी, मधु देवी, ममता कुमारी, प्रकाष प्रसाद, रामजी चैहान, संतोष प्रसाद, प्रकास साव, राहुल कुमार साव, जगन्नाथ महतो सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## बैंक कर्मी की पत्नी ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय खूंटी के पीढ़ीटोली बस्ती में आइसक्रीम फैक्ट्री के समीप मकान बनाकर परिवार के साथ रहनेवाले बैंककर्मी अनुराग सिन्हा की पत्नी दीपिका देवी (29) ने रविवार तड़के अपने घर के एक कमरे में दुपट्टा के सहारे सीलिंग फैन में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति बैंक ऑफ इंडिया बिरदा (कर्रा) शाखा में ब्रांच मैनेजर हैं। रविवार अहले सुबह उसके स्वजनों से घटना की जानकारी मिलने पर खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव अन्य सहकर्मियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आवश्यक पड़ताल शुरू की। अपराह्न में मृतका के मायके पटना से जब उसके परिवार वाले खूंटी पहुंचे, उसके बाद पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव को स्वजनों को सौंप दिया।

## सरहुल प्रकृति के प्रति प्रेम को दर्शाता है : दिलीप

**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग ढुब पेटपेट में सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। सुबह में पाहन लालदेव गंझू द्वारा झखरा स्थल पर पूजा की गई। जिसमें रोहिणी पीओ दिलीप कुमार सिंह, के अलावा रैयत विस्थापित मोर्चा एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मुखिया संतोष महली, पंससद सहदेव महली, जालिम सिंह, आदि मौजूद थे। दिलीप सिंह ने कहा कि सरहुल आपसी भाइचारे व प्रकृति प्रेम का प्रतिक है।

### मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के आश्वासन पर खत्म हुआ अवरोध

# इमली तोड़ने के विवाद में ग्रामीण की हत्या,शव रखकर सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के अंगराबारी गांव में रविवार को पेड़ से इमली तोड़ने जैसे मामूली विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान संजय भोक्ता (45) के रूप में हुई है। वह अंगराबारी गांव का रहने वाला था। वहीं, पुलिस ने हत्या के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। जानकारी के अनुसार दोपहर इमली तोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडा और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में संजय भोक्ता मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई दुखू भोक्ता (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर 12 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलते ही तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह और थाना प्रभारी दीपक कुमार तुरंत अंगराबारी पहुंचे और दोनों भाइयों को इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने संजय भोक्ता को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में संजय के चचेरे भाई दुखु भोक्ता के सिर में भी गंभीर चोट लगी है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घायल दुखू भोक्ता ने बताया कि उन लोगों के गांव में 13 एकड़ 28 डिसमिल की एक पुश्तैनी जमीन है। लगभग दो वर्ष पूर्व उनकी इस पुश्तैनी जमीन पर गांव के ही खुदू प्रधान और उनके परिवार के लोग जबरदस्ती अपना दावा करने लगे। इसे लेकर खुदू प्रधान से उसका विवाद चल रहा है। रविवार को उन्हें यह जानकारी मिली की उनके उक्त पुश्तैनी जमीन पर लगे इमली के पेड़ से खुदू प्रधान के परिवार के लोग इमली तोड़ रहे हैं। इस पर वे दोनों भाई और उनकी पत्नी रीना देवी मौके पर पहुंचे और पेड़ से इमली तोड़ने का विरोध किया। इसी बात पर खुदू प्रधान के परिवार के एक दर्जन लोगों ने हर-वे हथियारों के साथ अचानक हमला कर दिया। उधर, संजय की मौत की खबर मिलते ही गांव के लोग उग्र हो गए और स्वजनों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर अंगराबारी के पास रांची-सिमडेगा रोड को जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर रात को अनुमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, तोरपा के बीडीओ दयानंद कारजी, इंस्पेक्अर दिग्विजय सिंह और थाना प्रभारी दीपक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाबुझा कर जाम खत्म कराया।



सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन और ग्रामीण

## साले ने डंडे से पीट कर की जीजा की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला के सायको थानांतर्गत गिड़ूम गांव निवासी गालू मुंडा (30) की हत्या उसके ही साला गोपाल मुंडा ने लकड़ी के एक डंडे से पीट-पीटकर कर दी। शनिवार रात हुई इस घटना की सूचना रविवार सुबह सायको थाना की पुलिस को मिलनी। पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद आरोपित गोपाल मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित गोपाल मुंडा ने कहा कि उसके जीजा गालु मुंडा आए दिन उसे बेवजह डांटता रहता था। जीजा के इसी व्यवहार से वह उससे नाराज था। एक ही गांव के रहनेवाले दोनों जीजा-साला शनिवार रात जब साथ में सोए हुए थे, तो आधी रात में मौका पाकर गोपाल ने लकड़ी के एक डंडे से जीजा को मारकर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में आरोपित गोपाल के खिलाफ सायको थाना में रविवार को हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने रविवार को अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया।

## अधिकारियों से मिलकर झारखंड को लूट रही हेमंत सरकार : कोचे मुंडा

**विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के कसिरा पुल के पास जागु से कसिरा तक बनने वाली छह किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास पाहनों और पंडितों द्वारा एक साथ पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। ग्रामीणों ने विधायक से इस सड़क के निर्माण की मांग थी। मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत इसका निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास के बाद चिदी बगीचे में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा झारखंड की वर्तमान सरकार में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार किस प्रकार बढ़ा हुआ है, यह किसी से छिपा नहीं है। कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में विकास कार्य और जमीन के म्यूटेशन के नाम पर खुली लूट मची है। यहां की भोली भाली जनता को गुमराह कर हेमंत सरकार अधिकारियों से मिलकर झारखंड को लूटने में लगी है। केंद की मोदी सरकार ऐसे भ्रष्ट लोगों को चुन-चुनकर जेल भेज रही है। भष्टचारी नेताओं और पूजा सिंघल पुरवार जैसे भ्रष्ट आइएएस अफसरों को भी छोड़ा नहीं जाएगा। कोचे मुंडा ने कहा कि पहले हम लोग दिल्ली जाते थे, तो वहां की सड़कों को देखकर लगता था कि पता नहीं हमारे क्षेत्र में कभी ऐसी सड़क बन पाएगी या नहीं, लेकिन झारखंड में डबल इंजन की सरकार रही और पूरे झारखंड में सड़कों का जाल बिछा दिया गया। आज हर तरफ चौड़ी- चौड़ी सड़क नजर आ रही है। इसके कारण ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्र विकास की ओर भी बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम को भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, हुरदा मंडल अध्यक्ष ओमेन सिंह आदि मौजूद थे।



### माहिल में खूंटी विधानसभा स्तरीय सरहुल मिलन समारोह आयोजित

# पुरखों की विरासत और परंपरा को हमेशा जीवित रखें : नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के पैतृक गांव माहिल में रविवार को प्रकृति का पर्व सरहुल पारंपरिक हर्षोल्लास और विधि-विधान से संपन्न हुआ। भीड़ में जुटी हजारों की भीड़ को देखकर विधायक भी गदगद् नजर आये। सरहुल महोत्सव में खूंटी, कर्रा और मुरहू प्रखंड के विभिन्न गावों के 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय माहिल के परिसर में ग्रामीणो की भीड़ इस कदर उमड़ी कि तिल धरने की जगह नहीं थी। पूरा वातावरण सरहुल के गीतों और ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप से गुजायमान हो रहा था। हजारों लोगों ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर एक अलग तहर का शमां बांध दिया। लोगों को न्त्य करते देख विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी खुद को रोक नहीं सके और ढोल टांगकर नृत्य करने लगे। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज देश भर में भारतीय संस्कृति के बचाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय सभ्यता-संकृति के संरक्षण और विकास के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह भी इसी का एक हिस्सा है। हमारा प्रयास है कि पुरखों की अमूल्य विरासत को, उनकी परंपरा को, संस्कृति को ऐसे ही सदा के लिए जीवित रखें। इस मौके पर सरहुल मिलन समारोह के अध्यक्ष सुखदेव मुंडा, महासचिव विनोद नाग, बिरसा धान, उपाध्यक्ष दसाए मुंडा, राजेश नाग, जरन खलखो, ग्राम माहिल के मुख्य पाहन अमर सिंह पाहन, काशीनाथ महतो, राजेश महतो, मुरहू के उप प्रमुख अरूण साबू,, रंदाय नाग, काशीनाथ महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग कुल 500 नृत्य समूहों और 200 पाहनों ने भी भाग लिया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व अन्य।

### राजनीतिक हित साधने में सफल रहे नीलकंठ मुंडा

लगातार पांच बार से खूंटी विधानसभा का नेतृत्व कर रहे विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ मुंडा ने सरहुल महोत्सव के बहाने क्षेत्र की जनता पर अपनी पकड़ दिखा दी। जानकार कहते हैं कि सरहुल महोत्सव के बहाने विधायक ने अपना राजीतिक हित साध लिया। सरहुल महोत्सव में जिस प्रकार की भीड़ उमड़ी थी, उसे देखकर निश्चित रूप से विरोधियों के माथे पर बल तो जरूर पड़ गए हैं। विधायक भी हजारों की भीड़ को देखकर गदगद नजर आए। राजनीति के जानकार कहते हैं कि नीलकंठ सिंह मुंडा ने भीड़ के माध्यम से विपक्षी दलों को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजसू के नीति-सिद्धांत और कार्यों को जन जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : डॉ मुकुंद चंद्र



सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लोवादाग पंचायत में रविवार को आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक हुई। लोवादाग पंचायत सचिवालय एवं सिल्ली पॉलिटेक्निक सभागार में अलग-अलग दो बैठकें हुई। पॉलिटेक्निक सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता हराधन महतो एवं संचालन फनीभूषन महतो ने किया। जिसमें रांची जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष सह रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर मुकुंद चंद्र मेहता उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड एवं जिला समिति सूचारू रूप से काम कर रहा है नहीं आदि विषयों पर चर्चा की गई। डॉ मुकुंद चंद्र ने कहा कि इस तरह की बैठक हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के नीति सिद्धांत एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचा कर सुदेश महतो को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें। वहीं, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष विजय चंद्र महतो ने भी अपने विचार रखे। बैठक में ठाकुर दास महतो, श्रीकांत महतो, योगेश्वर महतो, लखींद्र महतो, फणीभूषन महतो, सहदेव महतो, महेश्वरी महतो, लोहारा का मुखिया लालसिंह मुंडा आदि मौजूद थे

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया जन चौपाल का आयोजन



बुंडू )आजाद सिपाही)। प्रखंड के मौसी बाड़ी में रविवार को भाजपा ओबीसी मोर्च की ओर से जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गांव-गांव चलो, घर घर चलो के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 127 वां संविधान संशोधन विधेयक राज्य समावेशी ओबीसी सूची बनाने का अधिकार, ओबीसी क्रीमी लेयर आय में संशोधन, केंद्रीय मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी मंत्री बनाए गए आदि 22 बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही 11 अप्रैल को झारखंड सचिवालय घेराव में कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, संयोजक दीपक केसरी, भाजपा युवा मोर्चा विवेकानंद जयसवाल, बंटी चौधरी, सिद्धार्थ गुप्ता और रंजीत लहरी आदि मौजूद थे।

### जब बंगाल में अनुसूचित जाति की श्रेणी में हैं तो झारखंड में क्यूं नहीं: सूड़ी समाज



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में पांच परगना सूड़ी संघ की ओर से रविवार को राजदरबार सभागार में बैठक हुई। जहां सूड़ी मंडल समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने कि मांग को लेकर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भयभंजन साहू ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सूड़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सनत मंडल भी मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर बंगाल में सूड़ी समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया है तो झारखंड में क्यूं नहीं। एक ही देश में एक जाति के लिए अलग-अलग नियम क्यूं हैं। बंगाल से आए प्रतिनिधियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि 1967 में आंदोलन के फलस्वरूप हमें अनुसुचित जाति की श्रेणी मिला है। आज आरक्षण का हक प्राप्त कर रहे हैं। झारखंड में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर संतोष कुमार साहू, राधेश्याम साहू, राजन कपिल साहू, उपेंद्र साहू, संजय साहू, ओम साहू, नीरज साहू, अजय साहू, प्रदीप साहू, किस्टो साहू, रमन साहू, रविंद्र मंडल, मुन्ना मंडल, शंकर साहू, कनिलाल साहू, सिरिधर साहू, अनुप साहू, बृजेंद्र साहू, नीलेश साहू, समीर साहू, उमेश साहू आदि थे।

### अड़की में सरहुल महोत्सव का आयोजन



अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पथ निर्माण के मुख्य अभियंता सिगराय टुटी भी शामिल हुए। वहीं, मुंडा समाज के अध्यक्ष ग्रीस मुंडा ने कहा कि शिक्षा ही संस्कृति को बचाए रख सकता है। गुंजन इंकीर मुंडा ने समाज के लोगों को एकजुट होकर अधिकार के लिए संजग रहने की बात कही। वहीं, सुभाष मुंडा ने लोगो को शिक्षा के प्रति सचेत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, फुलचंद पुरान ने कहा कि सरहुल आदिवासियों की पहचान है। वहीं, अड़की ऊपरटोली सरना स्थली से चड़ापीड़ी पोजेक्ट बालिका विद्यालय तक सरहुल शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान पारंपरिक भेषभूशा में प्रखंड के दूरदराज गांवों से लोग सरहुल महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इस मौके पर कृष्ण सिंह मुंडा, सिता नाग उप प्रमुख योसेफ कंडीर, मुखिया लक्ष्मण टुटी, स्वेता बाखला, शांति देवी, रानी समद, जयंती देवी, लक्ष्मण मुंडा, दुलारी हेमरोम, सोमा मुंडा, मेघनाथ मुंडा, संबल सिह मुंडा, लोदरो मुंडा और सैयनाथ मुंडा आदि मौजूद थे।

### तमाड़ में धूमधाम से मनाया गया सरहुल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जानुमपीड़ी पंचायत के दुलमी में रविवार को आदिवासी सरना समाज की ओर से हर्षोल्लास के साथ सरहुल महोत्सव मनाया गया। ग्राम प्रधान शाम लाल सिंह मुंडा द्वारा सुखवा डाल के समक्ष सिंगा-बोगा का पूजा कर प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही क्षेत्र में खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरहुल आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है जिसमें प्राकृतिक संरक्षण के साथ ही संस्कृति परंपरा की पहचान दिलाती है ।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने घर-घर जाकर केंद्र सरकार की हितकारी योजनाओं की दी जानकारी



तमाड/रड़गांव (आजाद सिपाही)। भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण की ओर से गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत रविवार को रड़गांव मंडल अंतर्गत कुबासाल बाजार टांड में मंडल अध्यक्ष अजीत महतो की अध्यक्षता में घर-घर जाकर ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की ओबीसी समाज के बीच चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उक्त अभियान में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, जिला संयोजक दीपक केसरी, बंटी चौधरी एवं सिद्धार्थ गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, परेश महतो, निलरतन, सियाराम महतो आदि शामिल थे।

## अनगड़ा के राजाडेरा गांव में भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने शिव मंडा पूजा का किया शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाडेरा गांव में रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने शिव मंडा पूजा सह जागरण अखाड़ा (छउ नृत्य) का विधिवत पूजा कर तथा फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने भक्तजनों को संबोधित करते हुए शिव महिमा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा में भोक्ता एवं सोक्ताईन बहनें लगातार निर्जला उपवास और कठिन तप कर इस पूजा को सफल बनाते हैं। रात्रि में दहकते अंगारों में फुलखुंदी के बाद रात्रि जागरण एवं सुबह में झूलन कार्यक्रम के साथ शिव अराधना का यह त्योहार संपन्न होता है। मौके पर आजसू नेता पारसनाथ उरांव, रामकुमार दीपक, कामेश्वर महतो, विश्वनाथ मिश्रा, मनेश जी, शंकर बैठा, प्रताप सिंह, बालेश्वर सिंह, सुनील सिंह, रंजीत सिंह, मुनेश्वर सिंह, पूजारी राजेंद्र गोस्वामी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## महिला लाभुकों के बीच उन्नत नस्ल की बकरियों का किया गया वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा पंचायत के सुदूरवर्ती टोला जिन्तुबेड़ा में रविवार को टीआरआईएफ संस्था की ओर से एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था द्वारा नौ महिला लाभुकों के बीच 5-5 उन्नत नस्ल की ब्लैक बंगाल बकरियों का वितरण किया गया। साथ में दो-दो बकरी के आवास के लिए अलग-अलग पारदर्शी एस्बेस्टस, पानी पीने के लिए गमला, एक-एक इलेक्ट्रो कुल और एक-एक ग्लाइमिन गोल्ड का पैकेट भी दिया गया। इस अवसर पर लाभुकों को बकरी पालन के विभिन्न तरीकों की जानकारी के लिए 'बकरी पालन मेरी उम्मीद' नामक एक किताब का भी वितरण किया गया। वितरण पंचायत की मुखिया सीमा देवी एवं पूर्व मुखिया मोतीराम मुण्डा के हाथों कराया गया। मौके पर मुखिया सीमा देवी ने टीआरआईएफ संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा गरीब परिवारों को आजीविका से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीआरआई संस्था के राजेश महतो, हरदयाल मुण्डा, कृष्णा मुण्डा, गुमला से आए हुए पाराभेट राजकिशोर सिंह आदि का अहम योगदान रहा। मौके पर जलेश्वर महतो, सुरेश तिर्की, तीजन देवी, सरिता देवी, अर्चना तिर्की, सुरेश तिर्की, जीतराम महतो, कामेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय डीएवी के स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का किया गया उद्घाटन




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी में डीएवी पीएस 1 के डायरेक्टर जेपी शूर विद्यालय के 20वें स्थापना दिवस पर पहुंचे तथा विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की। महात्मा आनंद स्वामी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए अपने विद्यालय के साथ का अनुभव साझा किये तथा अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब-जब विद्यालय का भ्रमण किया है तो इसे उत्तरोत्तर वृद्धि ही करते पाया है। रांची प्रक्षेत्र के विभिन्न डीएवी के प्राचार्यों समेत एआरओ अरुण कुमार ने भी विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उसके चहुंमुखी विकास में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य किरण यादव की कर्मठता की तारीफ करते हुए श्री शूर ने संतोष व्यक्त किया कि नीरजा सहाय की बागडोर बिलकुल दक्ष हाथों में है। विद्यालय अपने स्वर्ण युग की ओर अग्रसर हो रहा है तथा डीएवी का डंका अब चारों ओर बजेगा तथा डीएवी सीएमसी सदैव विद्यालय के साथ कदम से कदम मिला कर चलेगा।

## गुरुकुल द्रोणा एकेडमी में टैलेंट हंट कंपटीशन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के लालगुटवा कटहल मोड़ स्थित गुरुकुल द्रोणा एकेडमी में रविवार को टैलेंट हंट कंपटीशन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर एकेडमी में क्षेत्र के बच्चों में टैलेंट प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए टैलेंट हंट कंपटीशन का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में क्षेत्र के दो सौ बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय और तृतीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों सहित एक सौ बच्चों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रातू प्रखंड के आदर्श ग्राम सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना जागृत होती है। बच्चों की प्रतिभा को निकालना ही विद्यालय का कार्य है। भारतीय लोक साहित्य के साथ-साथ भारतीय संस्कार की जानकारी भी बच्चों में होनी चाहिए। बच्चों को अधिक मोबाइल ना दें, अधिक से अधिक बच्चों के बीच समय दें और उन्हें अपने धार्मिक, परिवारिक ज्ञान, संयुक्त परिवार के गुण, संस्कारी ज्ञान जैसे विषय के साथ-साथ देवी देवताओं की जीवनी, देशभक्ति के विषय पर भी शिक्षा दें। मौके पर विद्यालय की निर्देशक सह प्राचार्य उषा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एकेडमी में टैलेंट हंट कंपटीशन कराया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवानिवृत्त सूबेदार क्लर्क उमेश प्रसाद, केराली पब्लिक स्कूल के निदेशक लक्ष्मी कुमार महतो, प्रीति झा, नीतू कुमारी, सपना कुमारी, स्वाति प्रसाद, इमरान अली, शालिनी श्रीवास्तव, मनीष कुशवाहा, सविता कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित थे।

**बैठक :** मंदिर में चोरी एवं तोड़फोड़ की घटना को लेकर बैठक में सांसद संजय सेठ ने कहा

# धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

**मंदिर में चोरी एवं तोड़फोड़ के विरोध में 11 को मशाल जुलूस, 12 को नामकुम बंद का किया गया आह्वान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** शुक्रवार की देर रात उनिडीह स्थित प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर स्थित मंदिर में चोरी एवं तोड़फोड़ से लोगों में आक्रोश है। इसे लेकर रविवार को ट्रस्ट के सदस्यों ने सामाजिक संगठन के लोगों के साथ बैठक की।

घटना की जानकारी लेने सांसद संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी पहाड़ पहुंचे एवं घटना की निंदा की। सांसद ने कहा हमेशा सनातन धर्म को ही क्यूं निशाना बनाया जाता है। धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तोड़फोड़ गलत भावना से योजना के तहत की गयी है। आरोपी की गिरफ्तारी तक विरोध जरूरी है। उन्होंने शिवलोक धाम में प्रशासन द्वारा टीओपी बनाकर सुरक्षा मुहैया कराने के लिये वरीय अधिकारियों से बात करने की बात कही। श्री पाहन ने कहा कि सामाजिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा है। उन्होंने जनमानस के साथ विरोध करने की बात कही। बैठक में घटना के विरोध में 10 अप्रैल को वरीय अधिकारियों को आवेदन देने, 11 अप्रैल की शाम सिदरौल जोड़ा मंदिर से सदाबहार चौक तक आक्रोश मार्च सह मशाल जुलूस निकालने एवं 12 अप्रैल को नामकुम बंद का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को मशाल जुलूस एवं बंदी में समर्थन देने की अपील की है। साथ ही सभी संचालकों को धर्म की रक्षा एवं घटना के विरोध में स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निवेदन किया है। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, राजाउलातू के ग्राम प्रधान संदीप सुंडिल, टाटीसिलवे ग्राम प्रधान अनिल पाहन ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर अध्यक्ष दयानंद राय, सचिव अशोक राय, कोषाध्यक्ष रुद्रेश्वर राय, समीर राय, मनोज राय, सुनील साव, भीम राय, उमेश बड़ाइक, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, रिंकू राय, कैलाश महतो, मधु राय, दिनेश सिंह, गोवर्धन राय, संजय राय, सुरत राय, मोहन शर्मा, रामाशंकर सिंह, रवि सिंह, शंकर सिंह, तारा राय, मनोज सिंह, रविन्द्र खंडित आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो में धूल से राहगीर और दुकानदार परेशान, लोगों का जीना हुआ दुश्वार

**सड़क निर्माण में गिरायी जा रही डस्ट से उड़नेवाली धूल बनी है आफत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में गिर रही डस्ट व उड़ रही धूल से राहगीर, दुकानदार व गांव वासियों का जीवन काफी प्रभावित हो रहा है। बेड़ो के अगल बगल में निर्माण के चलते हर रोज डस्ट व उड़ रही धूल कणों से क्षेत्र के वासियों का जीना दुश्वार हो गया है। उड़ती धूल के कारण हाईवे पर दुकान करने वाले लोगों व राहगीरों का धूल के कारण सड़क किनारे बैठना दूभर हो गया है। साथ ही जाम की भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। निर्माण कार्य में डस्ट व मिट्टी के चलते सड़क हर समय धूल के गुब्बारे उड़ते रहते हैं। जो दुकानदारों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यहां आलम यह है कि दिनभर धूल भरे गुब्बारों से एनएच के बगल में रहनेवालों व राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इन वाहनों के चलते उड़ रही धूल का खमियाजा राहगीर तथा दुकानदार भुगत रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस धूल भरे वातावरण से निकलना और चलना मुश्किल हो रहा और यह परेशानी पिछले कई सप्ताह हो रही है। दुकानों तथा घरों में रखा गया सामान इस धूल से खराब हो रहा है। वहीं लोगों को अब बीमार होने का भय सता रहा है। आंखों में जलन, खांसी, जुकाम तथा एलर्जी जैसी गंभीर बिमारियां हो रही हैं। बेड़ो में इस मुख्य मार्ग के दोनों तरफ कई बड़े शोरूम तथा खाद्य-सामग्री की दुकानें हैं जहां उड़ने वाली धूल परेशानी बनी है, जबकि लोगों को धूल भरे खाद्य पदार्थ मिल रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस धूल भरे वातावरण के कारण दुकानों में रखा गया सामान भी खराब हो रहा है, जिससे दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। वहीं कई दुकानदारों द्वारा धूल से राहत पाने के लिए अपनी दुकान के आगे पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

इधर बेड़ो के दुकानदार व ग्रामीणों का कहना है कि हम किसको अपना दुखड़ा सुनायें जो कि इस परेशानी से निजात दिला सके। प्रशासन केवल आश्वासन तक ही सीमित रहता है, इससे बाद कुछ ध्यान नहीं दिया जाता है। उसका खमियाजा आमजन को तमाम प्रकार की पेरशानियों का सामना कर चुकाना पड़ता है। यही हालात रहे तो ग्रामीण जनता कभी भी सड़क पर उतर कर आंदोलन कर सकती है।

## रोजेदार मो सराफत की सड़क दुर्घटना में मौत पर शोक व्यक्त



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी कांटा टोली निवासी रोजेदार मो. सराफत उर्फ बालो (58) की दुर्घटना में मौत से पूरे नगड़ी क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। ज्ञात हो कि मो. सराफत उर्फ बालो शनिवार की संध्या साढ़े छह बजे नगड़ी जमा मस्जिद से नमाज पढ़कर निकले और अपने घर की ओर जा रहे थे कि पीछे से एक ग्लैमर बाइक नं जेएच01 सी वाई 1482 ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मो. सराफत पिछले तीस साल से नगड़ी नारो बाजार टाड़ में आलू प्याज के थोक एवं खुदरा विक्रेता थे। मुखिया जय गोपाल उरांव, पंसस शीला देवी, नगड़ी देवरी सदर दिलरूबा हुसैन, शहीद अहमद, तपेश्वर केसरी, केदार महतो, प्रेम सागर महतो, हाजी साकिर अहमद, चुडामनी महतो, दिनेश केसरी, मनीष केसरी, नीरज शाही, गौरव राज, फिरोज अंसारी, सकील अंसारी, सफीक अंसारी, अब्दुल गफ्फार, शिक्षक जुबैर अख्तर, जुबैर अंसारी, असरफ अंसारी, कुलदीप तिवारी, यासीन अंसारी नगड़ी ने शोक व्यक्त किया है।

# हुंडरू फॉल घूमने आये बिहटा पटना के दो छात्रों को पर्यटक मित्रों ने डूबने से बचाया

**श्री कोचिंग सेंटर सदिसोपुर बिहटा पटना के संचालक के साथ 38 विद्यार्थी और पांच शिक्षक एक बस से हुंडरु फॉल पहुंचे थे**





आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** रविवार को हुंडरु फॉल घूमने पहुंचे श्री कोचिंग सेंटर सदिसोपुर बिहटा पटना बिहार के दो छात्र आदित्य कुमार पिता सतीश कुमार, उम्र 18 वर्ष एवं सानू कुमार पिता पारस कुमार, उम्र-19 वर्ष को पर्यटक मित्रों एवं स्थानीय दुकानदारों ने भंडार दह में डूबने से बचा लिया। घटना रविवार 3 बजे की है। आदित्य कुमार 10वीं एवं सानू कुमार 12वीं का छात्र है। श्री कोचिंग सेंटर के संचालक नीरज कुमार एक बस जेएच12ई -2121 से 38 विद्यार्थी एवं पांच शिक्षकों के साथ हुंडरु फॉल पहुंचे थे। शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को टिकट काउंटर पर ही पानी में नहीं उतरने का निर्देश दिया गया था।

जानकारी के अनुसार आदित्य कुमार और सानू कुमार भंडार दह के समीप पत्थर से फिसल कर पानी में गिर गये। आदित्य कुमार एवं सानू कुमार को डूबता देखकर बाकी छात्रों ने बचाव बचाव कर जोर से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर झरना के समीप तैनात पर्यटक मित्र रंजन कुमार बेदिया, महेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, फोटोग्राफर सोनू कुमार बेदिया, दुकानदार जितू बेदिया, बुधूवा भोगता दौड़ कर पहुंचे और पानी में कूद पड़े। पर्यटक मित्रों द्वारा दोनों छात्रों को काफी मशक्कत से सकुशल पानी से बाहर निकाला गया। आदित्य कुमार बेहोश हो चुका था। पर्यटक मित्रों ने उसे पत्थर में लेटा कर सीपीआर तकनीक के माध्यम से कृत्रिम आक्सीजन दिया, तब धीरे-धीरे आदित्य कुमार की सांसें चलने लगीं। करीब एक घंटे के बाद आदित्य कुमार चलने लगा, तब दोनों को बेहतर इलाज के लिए बस से हॉस्पिटल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि पिछले बारह मार्च को यही जाबांज पर्यटक मित्रों ने हजारीबाग मटवारी के एक ही परिवार के सात लोगों को डूबने से बचाया था। आज पुनः इन दोनों छात्रों को बचाया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मानव जागृति संघ पुरना टोली आनंदी ने किया रात्रिकालीन पाठशाला का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिक्षण तकनीक से सबों को जोड़कर विद्यार्थियों के बीच प्रतिभा के विकास के उद्देश्य से योग मानव जागृति संघ, पुरना टोली, आनंदी के द्वारा रात्रिकालीन पाठशाला का उद्घाटन किया गया। पाठशाला का उद्घाटन पंसस शशि मिश्रा, मुखिया पार्वती देवी, उप मुखिया बनवारी लाल साहू व वार्ड सदस्य रीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष अघनू मुंडा, दुर्गा चरण साहू, संरक्षक रमेश मुंडा, सचिव सुरेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष रमेश मुंडा, बालमन देवी, एकता कुमारी, संगीता कुमारी, पूजा कुमारी सहित पाठशाला में पढ़ाई करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। पाठशाला में पढ़ाई कर रहे बत्तीस छात्र-छात्राओं के बीच समाजसेवी दुर्गा चरण साहू द्वारा पढ़ाई कीट वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अघनू मुंडा एवं धन्यवाद ज्ञापन राहुल मुंडा ने किया।

### मृतक के परिजन को दी गयी सहायता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जावा बेड़ा गांव के मृतक जितिया उरांव के परिवार को विधायक राजेश कच्छप की ओर से महासचिव एवं प्रवक्ता जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी रांची के द्वारा सहयोग के रूप में 50 केजी चावल दिया गया। इस अवसर पर रमेश उरांव महासचिव व प्रवक्ता जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी रांची, सुरेंद्र उरांव, सुनील उरांव, झरी उरांव, सुकर उरांव, सोमा उरांव, गोवर्धन बेदिया मुख्य रूप से शामिल थे।

### बेड़ो के घाघरा में सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व सरहुल पर प्रखंड के घाघरा पंचायत के सुआर टोली गांव में रविवार की शाम जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पूजा- अर्चना की गयी। वहीं गांव के बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल प्रकृति को बचाने का संदेश देता है। इसे हमारे पूर्वजों ने वैज्ञानिक तरीके से बनाया है। इसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर सीपीआईएम के सुभाष मुंडा, मीडिया प्रभारी ज्ञानी उरांव, मुखिया रमेश उरांव, जगरनाथ भगत, महादेव कुजूर, गोपाल उरांव, मनोज उरांव, रंजन गुप्ता, संजय तिवारी, अशोक, रमेश उरांव, शंकर बड़ाईक सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### ईस्टर संडे पर लापुंग के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघरों में मसीही समुदाय के द्वारा प्रभु यीशु के पुनरुत्थान के रूप में मनाये जाने वाला ईस्टर संडे रविवार को प्रखंड क्षेत्र के डुरु, कुरकरिया, सापुकेरा, महुगांव समेत अन्य गिरजा घरों में मनाया गया। मौके पर गिरजाघरों में शनिवार मध्य रात्रि व रविवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डुरू के चर्च में अराधना संचालन पुरोहित संजय तिग्गा प्रचारक हबिल खलखो व युवा सभापति प्यारा खलखो के द्वारा किया गया। वहीं विभिन्न चर्चों में पल्ली पुरोहित फादर ने प्रार्थना सभा के दौरान लोगों के उद्धार के लिए प्रभु यीशु के पुनरुत्थान के बारे में बताया। इस दौरान मसीही समुदाय ने एक-दूसरे को ईस्टर की बधाई दी।

### नामकुम के करकट्टा गांव में बंद घर का ताला तोड़ कर नकद एवं गहनों की चोरी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करकट्टा गांव निवासी विक्टोरिया लकड़ा के घर चोरों ने ताला तोड़कर एक लाख नकद एवं दो लाख के गहनों की चोरी कर ली है। इस संबंध में विक्टोरिया लकड़ा ने नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। विक्टोरिया ने प्राथमिकी में बताया कि शनिवार की रात पर्व की वजह से पूरा परिवार घर में ताला लगाकर चर्च गये थे। चर्च से देर रात घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य गेट और एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो कमरों में रखे अलमीरा का समान बिखरा हुआ था। रविवार को सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी है।

# बेरोजगारी के सवाल पर सड़क से सदन तक भाजपा कर रही संघर्ष : संजय त्यागी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आगामी 11 अप्रैल को रांची प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर रविवार को भाजपा चास नगर उत्तरी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पन्नालाल कान्दू ने की। भाजपा जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने कहा कि 11 अप्रैल का प्रदर्शन और सचिवालय घेराव ऐतिहासिक होगा। इसमें किसान, मजदूर, युवा, महिला, आदिवासी, दलित, पिछले वर्ग समेत सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे। भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों, सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिज संसाधनों की मची लूट, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय, बेरोजगारी के सवाल पर लगातार सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तारा साह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद राय, भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक रंजीत बनवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष हराधन झरियात, बुद्धेश्वर घोषाल विक्की राय कन्हैया गुप्ता आकाश सिंह जयदीप सिंह डॉ दीपक जी मधुर डे धनंजय दे आदि थे।

# महिला से छेड़खानी के आरोपी पड़ोसी के खिलाफ एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** समाज में महिलाओं को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोग दावा करते हैं पर धरातल पर सभी वादे खोलले नजर आते हैं। पलामू जिले के ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के करकटा पंचायत-बिंदुआ गांव में ऐसा ही मामला देखेन को मिला। यहां की साहाना बीबी ने बताया कि उसके मेरे पडोशी सफीक अंसारी बार-बार उसके साथ छेड़खानी करता है। इसकी शिकायत पर गांव में पंचायती भी हुआ और दो बार मौका सुधरने का मौका भी दिया गया। लेकिन सफीक की हरकत नहीं सुधरी। थक हार कर साहाना बीबी ने कानून का सहारा लेनी चाही। थाने पहुंच कर पुलिस के अधिकारियों से मदद की गुहार भी लगाई, लेकिन कथित रूप से वहां से उसे निराशा ही हाथ लगी। क्योंकि कोई सहयोग नहीं मिला। फिर साहाना बीबी ने पलामू एसपी से न्याय की गुहार लगाई। पलामू एसपी ने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी को फटकार लगाया और एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। थाना द्वारा शिकायत कॉपी लिया तो गया पर अभी तक आरोपित खुलेआम घूम रहा है। साहाना बीबी ने यह भी बताया कि मेरा घर टूटने की कगार पर है। इस लिए प्रशासन से आग्रह कर रही हूं कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कृपा करें। इधर एएसआई रमेश चंद्र महतो ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

## मारंगहादा में 512 किलो अफीम डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एसएसबी हूंट के साथ मारंगहादा थानांतर्गत बिचागुटू गांव में अभियान चलाकर धान के एक खलिहान में छिपाकर रखे गए 21 प्लास्टिक के बोरों में भरा अवैध अफीम का डोडा बरामद किया। मौके पर अड़की के मारंगडीह गांव निवासी सुखराम मुंडा उर्फ बारला मुंडा और बिचागुटू गांव के मंगरा मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामद अफीम डोडा का वजन 512 किलोग्राम है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध मारंगहादा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ अमित कुमार और एसएसबी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, पुअनि हरि महतो, सअनि कृष्णकांत मेहता सहित मारंगहादा थाना और एसएसबी हूंट के जवान शामिल थे।

## 11 अप्रैल को रांची सचिवालय घेराव को लेकर पूर्व सीएम समेत नेताओं ने की बैठक

# हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकेगी भाजपा: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



पलामू में पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के अलावा सांसद, विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। राज्य की वर्तमान महागठबंधन सरकार में लूट, दुष्कर्म, नक्सलवाद, रंगदारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। यहां केवल ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग फलफूल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने तीन साल में एक भी वादे पूरे नहीं किए। उक्त बांते झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि झारखंड में खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। तीन वर्ष हो गए लेकिन अभी तक बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है। नतीजा यह है कि बालू की तस्करी होने लगी है। आगामी 11 अप्रैल को झारखंड सरकार की विफलता के खिलाफ भाजपा की ओर से रांची सचिवालय का घेराव किया जाएगा। जिसमें भारी संख्या मों नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ ही आम लोगों को भी शामिल होकर कार्यक्रम का सफल बनाना होगा, ताकि सरकार को उखाड़ फेंका जा सके। इस मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाण्डेय, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, भाजपा नेता बिनोद सिंह, अमित तिवारी अविनाश वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रभारी रूपा सिंह, लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता आदि मौजूद थे।

# आजादी के बाद पहली बार होइओ गांव पंहुचे पांकी विधायक शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड अंतर्गत सकल्दीपा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव होइयो में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता रविवार को पहुंचे और वहां के ग्रमीणों से हल चाल जाना। वहां के ग्रामीण विधायक को देखकर बहुत प्रशन्न हुए। कहा कि आप ही (पांकी विधायक) एक ऐसे नेता है जो होइयो गांव में चुनाव जीतने के पहले पहुंचे थे और विधायक बनने के बाद भी पंहुचे हैं। नहीं तो देश आजाद होने के बाद से इस गांव में अभी तक कोई नेता नहीं आया। ग्रामीणों ने विधायक से सड़क, पानी की समस्या को रखा। उस गांव में लगभग 60-70 परिवार रहता है। इस गांव में मात्र एक कुंआ है। वह भी जर्जर स्थिति में है। इस पर विधायक ने तत्काल अपने निजी राशी से कुआं खुदवाने के लिए ग्रामीणों को कहा। कुआं तैयार हो जाने के बाद जलमीनार और पाइप के माध्यम से पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क बनाने की बात कही। चंदवार गांव पंहुचने पर बुजुर्ग व्यक्ति मदन सिंह, कन्हाई सिंह, सुकन सिंह,प्रगाश सिंह,श्रवण सिंह को विधायक ने फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर समान्नित भी किया। गौरतलब है कि होइयो गांव में खेरवार और परहिया जाती के लोग निवास करते है। यह गांव चारो तरफ पहाड़ से घिरा हुआ है।

## हर निर्धन व्यक्ति को नि:शुल्क कानूनी सहायता पाने का हक : डालसा सचिव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को हुटार बाजार खूंटी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता प्रत्येक निर्धन व्यक्ति का अधिकार होता है। आपराधिक मामलों में यदि एक अभियुक्त को कानूनी मदद नहीं मिले और वह अपना बचाव नहीं कर पाए, यह नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। आज के समय में न्याय अत्यंत खचीर्ला है, ऐसे में एक निर्धन अभियुक्त अपने बचाव से वंचित रह जाता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता की अवधारणा अस्तित्व में आई है। उन्होंने झालसा से मिलने वाली सभी निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में लोगों को जानकारी दी। मौके पर डालसा डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, पीएलवी अंजू कच्छप, चंदन कुमार, ज्योति भेंगरा आदि थे।

# बिजली विभाग ने चलाया छापामारी अभियान, पांच पर जुर्माने के साथ दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवादाता



**हुसैनाबाद।** विभागीय उच्चाधिकारी के निर्देश के आलोक में विद्युत अवर प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हैदरनगर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बिजली का उपयोग करते कुल पांच लोगों को पकड़ा गया। इनमें हैदरनगर बाजार क्षेत्र के दलालपट्टी मुहल्ला निवासी सुदर्शन प्रसाद सोनी, उदय पासवान (सोबा) जबकि नोनियाडीह गांव निवासी राजेश चौहान, देवराज चौहान और राजमोहन चौहान शामिल हैं। सभी पांचों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने इनके विरुद्ध हैदरनगर थाना में लिखीत आवेदन देकर प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि नियत समय के अंदर आरोपी उपभोक्ता जुमार्ना राशि का भुगतान नहीं किया तो उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से बगैर वैध कनेक्शन के बिजली उपभोग नहीं करने की चेतावनी

देते हुए कहा कि छापामारी नियमित जारी रहेगी। आगे भी ऐसे लोग पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## बचरा साईडिंग में खड़ी पेलोडर मशीन में लगी आग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा साइडिंग में शनिवार की रात एक लोडर मशीन में अचानक आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मशीन जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के बचरा साईडिंग मे पेलोडर मशीन जेएच 01एआई-9898 रैक लोडिगं का काम कर रहा था। रैक लोडिंग के बाद लोडर ऑपरेटर जगदीश महतो ने साईडिगं के बीआरएस टावर के पास पेलोडर को खड़ा कर दिया और दूसरे रैक की प्रतीक्षा कर रहा था। इसी बीच ऑपरेटर शौच के लिए चला गया,जिसके कुछ देर बाद अचानक पेलोडर मशीन में आग लग गई और देखते ही देखते पेलोडर मशीन धू-धू कर जलने लगा। वहां कार्य कर रहे लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं विभागीय अधिकारियों ने इसकी सूचना तुरंत दमकल वाहन को दिया,जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। इस बाबत स्थानीय सीसीएल अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद बचरा साइडिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया ,जिसमें आग अचानक लगते देखा गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगी होगी। सूचना पाकर पिपरवार क्षेत्र के कई सीसीएल अधिकारी और सीआईएसएफ के लोग मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

# हुसैनाबाद में नीरज वस्त्रालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर के मेन बाजार रोड में महावीर जी मंदिर के समीप रविवार को नीरज वस्त्रालय का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गया जोन की राजयोगिनी बीके कंचन दीदी व राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर राजयोगिनी कंचन दीदी ने कहा कि नीरज वस्त्रालय प्रतिष्ठान से स्थानीय लोगों को सहूलियत होगी। परिधान की खरीददारी के लिए लोगों को रांची वाराणसी आदि अन्य जगहों पर जाने से राहत मिलेगी। इससे समय व राशि की बचत होगी। वहीं, संजय सिंह यादव ने कहा कि सुविधाओं का विस्तार आज की जरूरत है। दुकान के प्रोपराइटर नीरज व धीरज कुमार ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी वर्ग के लोगों के लिए गारमेंट्स से जुड़े सामान सभी सामान सुलभ रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल,कृष्णा प्रसाद, बीके नीरज, बीके नीलम, बीके नम्रता, बीके पूनम, बीके कृष्णा, विजय, मोहन, विनय आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले हुए बेहद रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। इसमें अंतिम ओवर में पांच बॉल पर रिंकू सिंह ने पांच छक्के ठोके।

## रिंकू ने 5 गेंद पर लगातार जमाए 5 छक्के, गुजरात के काम न आयी राशिद की हैट्रिक

# केकेआर की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत, आखिरी ओवर में बनाये 31 रन

एजेंसी



**अहमदाबाद।** मैच की आखिरी पांच गेंदों पर रिंकू सिंह के लगातार पांच छक्कों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आइपीएल-2023 में दूसरी जीत हासिल की। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को बेहद रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया। आइपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई टीम आखिरी 5 बॉल पर 5 छक्के जमाकर जीती है। बतातें चलें कि कोलकाता को आखिरी ओवर में 29 रन बनाने थे। 20वें ओवर की पहली गेंद पर उमेश यादव ने सिंगल लिया। इसके बाद रिंकू सिंह ने लगातार 5 छक्के जमाकर टीम को जिता दिया। गेंदबाज यश दयाल थे। इस जीत से कोलकाता की टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है। उसके खाते में 4 अंक हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाए। 205 रनों का टारगेट चेज करते हुए कोलकाता की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 207 रन बना डाले।

### रोमांच से भरा रहा मैच

सुपर संडे का पहला मुकाबला रोमांच से भरा रहा। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात ने 33 रन पर ऋद्धिमान साहा (17 रन) का विकेट गंवा दिया। ऐसे में शुभमन गिल (39 रन) और साई सुदर्शन (53 रन) ने अर्धशतकीय साझेदारी कर पारी संभाली। सुदर्शन ने इस सीजन में अपना दूसरा अर्धशतक जमाया। उसके बाद विजय शंकर ने 24 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाने में मदद की। वहीं, 205 रन का टारगेट चेज करने उतरी कोलकाता ने 20 रन पर पहला विकेट गंवाया। यहां गुरबाज (15 रन) आउट हुए। टीम इस झटके से उबर पाती कि जोशुआ लिटिल ने जगदीशन (6 रन) को आउट कर दिया। नंबर-3 पर वेंकटेश और नंबर-4 पर कप्तान नितिश राणा ने 55 बॉल पर 100 रन की साझेदारी कर केकेआर को संकट से उबारा। यहां नितिश 45 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान के आउट होने के बाद वेंकटश ने रिंकू सिंह के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अय्यर ने 40 बॉल पर 83 रन बनाए।

वेंकटेश के आउट होने के बाद राशिद ने हैट्रिक लेकर गेम पलट दिया। यहां लगा कि गुजरात आसानी से जीत जाएगी, लेकिन रोमांच यहीं खत्म नहीं हुआ। कोलकाता को आखिरी ओवर में 29 रन बनाने थे। जिसे टीम ने रिंकू सिंह ने 5 छक्के जमाकर हासिल कर लिया।

# प्रियांशु राजावत ने जीता ऑरलियन्स मास्टर्स

**मैंग्नस जोहानसन को 21-15, 19-21, 21-16 से हराया, यह पहला सुपर 300 सीरीज खिताब**

एजेंसी



**ऑरलियन्स।** युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने ऑरलियन्स मास्टर्स का खिताब जीत लिया है। 21 साल के इस खिलाड़ी ने संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 19-21, 21-16 से हराया। इस युवा स्टार ने पहला सुपर 300 सीरीज टाइटल जीता है। प्रियांशु इस साल का पहला फाइनल खेल रहे थे। वे पिछले थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। तब भारतीय टीम ने 73 साल के इतिहास में पहली बार खिताब जीता था। 68 मिनट में जीता मुकाबला 68 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले का पहला गेम राजावत ने 21-15 के अंतर से जीता। उसके बाद डेनमार्क के खिलाड़ी जोहानसन ने दूसरा गेम 21-19 से अपने नाम कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया, हालांकि इस गेम में जीत-हार का अंतर 2 रहा। शुरूआत में प्रियांशु 9-14 से पिछड़ रहे थे। फिर उन्होंनें लगातार 7 अंक लेकर गेम में वापसी की, लेकिन 19 ऑल के स्कोर पर अनफार्स्ड इरर के कारण सर्विस गंवाई। उन्हें इस गलती का खामियाजा गेम के रूप में भरना पड़ा। दूसरा गेम गंवाने के बाद भारतीय स्टार ने निर्णायक गेम 21-16 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### सेमीफाइनल में आयरलैंड के नहात को हराया

धार (मध्यप्रदेश) के इस शटलर ने प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला सीधे गेम में जीतकर फाइनल में कदम रखा था। राजावत ने एक दिन पहले शनिवार को आयरलैंड के नहात एनगुएन को 21-12, 21-9 से परास्त किया था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## खतियानी नीति लागू नहीं हुई तो झारखंड की जनता सरकार की नींद हराम कर देगी : अमित

धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार स्थानीय 1932 की खतियानी नीति लागू नहीं करेगी तो जनता हेमंत सरकार की नींद हराम कर देगी। उक्त बातें सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने कही। वे रविवार को जोड़ापोखर बस्ती पिला मैदान में ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान कही। इससे पूर्व श्री महतो ने झरिया विधानसभा में 21 किलो मीटर पैदलयात्रा पूरा कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास सरकार की तर्ज पर ही काम कर रही हैं। वर्तमान सरकार 1932 खतियान की बात तो करती हैं पर संविधान की 9वीं सूची में शामिल क्यो नहीं करती हैं। रघुवर दास की सरकार ने 1985 नीति के तहत बाहरियों को नियोजन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में झरखंडी को जागरूक किया जा रहा है। पैदल यात्रा कार्यक्रम के बाद आंदोलन की रूप रेखा तय की जायेगी।

### गोमिया विधानसभा क्षेत्र के हर गांव-टोला में बिछेगा सड़कों का जाल : विधायक

# 1040 घरों को मिलेगा शुद्ध नल का जल : सांसद

**जिन-जिन जगहों पर पानी की समस्या है वहां भी जल्द ही शुरू कराया जाएगा काम**

## 9.34 करोड़ की लागत से धवैया व आसन्न ग्राम पाइप जलापूर्ति योजना का हुआ भूमिपूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



9.34 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास करते सांसद, विधायक व अन्य।

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धवैया पंचायत के ग्राम गोपो में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल के तहत धवैया एवं आसन्न ग्राम पाइप जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन किया। उक्त परियोजना लगभग नौ करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से पूरी होनी है।इस बाबत सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बताया कि इस गांव में पानी की समस्या बरसों से है। ग्रामीणों की मांग पर इस योजना की स्वीकृति हमारे अनुशंसा पर हुई है। उन्होंने कहा कि इस योजना को धरातल पर उतारने में कई बार बाधाएं आयी।इसके बावजूद सभी बाधाओं को दूर करते हुए आज इस योजना को धरातल पर उतारा गया है। इस जलापूर्ति योजना के तहत चार गांव धवेया, गोपो, हरदगढ़ा, पालो, जिसकी जनसंख्या 5310 है, जिसमें से 1040 घरों में नल का जल सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भई कहा कि यह केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। लगे हाथ उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कई लोग जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य किये हैं, लेकिन ग्रामीणों के पानी की समस्या पर किसी की नजर नहीं गई। आज हमारे कार्यकाल में गोमिया विधानसभा क्षेत्र के कई पंचायतों एवं जगहों पर पेयजलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारा गया है।इसके अलावा बहुत सारी योजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पडे। क्षेत्र के जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। यह भी बताया कि कई क्षेत्रों में पानी की समस्या हमारे संज्ञान में आया है। बहुत जल्द वहां के लिए भी जलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। वहीं विधायक डॉ लम्बोदर ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, गांव को राज्य पथ से जोड़ा जाएगा। इससे पूर्व ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जिप सदस्य अरविंद करमाली, मुखिया तेजलाल महतो, आदित्य महतो, पूर्व मुखिया पूनम देवी, पंचदेव महतो, सुनील मरांडी, नरेश महतो, निनोद ठाकुर, नवीन महतो, वकील कुमार, रघुनाथ महतो, धनेश्वर महतो, विभाग के अधिकारी शास्त्री साह, रोहित मंडल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ध्वजारोहण कर एनएसयूआइ ने मनाया 53वां स्थापना दिवस, देशहित में काम करने की सभी ने ली शपथ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को एनएसयूआई ने अपना 53वां स्थापना दिवस मनाया। एनएसयूआई झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अमित हाशमी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान राष्ट्रगान गाकर देश हित में सदैव कार्य करने की शपथ की गई। वक्ताओं ने कहा कि छात्र हित के लिए आज ही के दिन नौ अप्रैल 1971 को एनएसयूआई की स्थापना देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी की ओर से किया गया था। आज संगठन को पूरे 52 साल पूरे हो गए। ध्वजारोहण के बाद आधे दिन का चिंतन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की आगे बढ़ाने, किस प्रकार अगले एक वर्ष में संगठन को और मजबूत करने और छात्र हित में कार्य करने को लेकर रूपरेखा तय की गई। स्थापना दिवस में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, उपाध्यक्ष रवि पासवान, उत्तम कुमार, महासचिव रोहित पाठक, सनी सिंह, राज रंजन सिंह, धनराज, दानिश रजा, संजय तिवारी, आयुष सिंह, चितरंजन, आकाश परमाणिक, साहिल खान, निक्की कुमारी, मोहित, राहुल साहनी, अंकिता, संजना, अदिति पाठक, रितिका,सुंदर कुमार, सोहेल, अनिकेत कुमार, आदित्य, पीयूष, रोहित, नवनीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## सचिवालय घेराव के लिए धनबाद से रांची पहुंचेंगे पांच हजार कार्यकर्ता : चंद्रशेखर




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा धनबाद जिला महानगर की ओर से रविवार को सरायढेला स्थित एक निजी होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। विकास के सारे कार्य ठप हो चुके हैं। रघुवर दास की सरकार ने जो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। उन्हें भी रोक दिया गया है। किसान सम्मान निधि पर रोक लगाई गई। उज्जवला योजना के चूल्हे पर रोक लगाई गई। महिलाओं के लिए एक रुपए में 50 लाख की संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई। हेमंत सरकार में खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है। चुनाव पूर्व घोषणा में पांच लाख रोजगार देने की बात कही गई थी। वह वादा खोखला निकला। हत्या, बलात्कार, डकैती में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शिक्षित बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी खोखली निकली। आदिवासी महिलाओं और पुरुषों के साथ भी जघन्य अपराध हो रहे हैं। उदाहरण के लिए रूपा तिर्की और रामेश्वर मुर्मू की हत्या। पानी बिजली स्वास्थ्य सेवा लचर हो गई है। पूरे झारखंड की जनता की निगाहें भाजपा की ओर है और जनता के भावनाओं के अनुरूप भाजपा 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय घेराव का कार्यक्रम करके इस हेमंत सरकार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद करेगी। धनबाद जिला महानगर द्वारा इस सचिवालय घेराव कार्यक्रम में धनबाद जिला महानगर से लगभग पांच हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धनबाद जिला महानगर में विभिन्न स्थानों पर दीवाल लेखन का काम हुआ है। कई स्थानों पर बैनर भी लगाए गए हैं। कार्यकर्ता बस, छोटी और बड़ी कार तथा ट्रेन के द्वारा भी रांची जाएंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय झा, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर मुन्ना, बृजनंदन शर्मा उपस्थित थे।

## झारखंड की गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड की महागठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव किया जाना है। जिसे लेकर रविवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में मौजूद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। मौजूदा राज्य की निकम्मी सरकार में विकास के सारे कार्य ठप हो चुके हैं। पूर्व की रघुवर दास की सरकार ने जो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। वर्तमान सरकार ने उसे बंद कर दिया है। उल्टे खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है। माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं है। हत्या, बलात्कार, डकैती जैसे मामले बढ़े है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो गई है। आदिवासी महिलाओं और पुरुषों के साथ भी जघन्य अपराध हो रहे हैं। यह सरकार जनता विरोधी है और इस सरकार को हम उखाड़ फेकेंगे। पूरे झारखंड की जनता की निगाहें भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ओर है। जनता की भावनाओं के अनुरूप भाजपा 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय घेराव कर इस निकम्मी सरकार के खिलाफ आवाज उठा कर मनमाने रवैए के खिलाफ विरोध दर्ज कराएगी। इस कार्य में सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं, युवा साथियों से अनुरोध होगा कि 11 अप्रैल को रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम में जायदा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर उसे ऐतिहासिक बनाएं। साथ ही उन्होंने बताया कि रांची घेराव में जाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए 50 से 60 वाहनों, बसों, एवं भोजन पानी का इंतजाम किया गया है। सभी वाहन झरिया से प्रातः 6 बजे रांची के लिए रवाना होगी। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नौशाद खान, राज किशोर जैना, संतोष शर्मा, अरुण साव, अभिषेक पाण्डेय, सुजीत सिन्हा, राजाराम पासवान समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निजी स्कूल प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये का कर रहे हैं अवैध कारोबार : महेंद्र राय

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में कितानों को बदलने, विगत वर्ष व इस वर्ष की गई फीस वृद्धि की जांच करने की मांग की गई है। इस बाबद झारखंड अभिभावक संघ बोकारो जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने कहा कि बोकारो जिला के सभी निजी स्कूलों ने सीबीएसई गाइडलाइंस और झारखंड सरकार की ओ से दिए गए आदेश का उल्लंघन किया है। निजी स्कूलों ने सीबीएसई शिक्षा विभाग को गलत जानकारी दी है। बोकारो जिला के सीसीएल, बीएसएल, बीसीसीएल द्वारा अधिकृत भूमि पर बने सभी निजी स्कूल किसी न किसी ट्रस्ट, संस्थान द्वारा संचालित होती हैं। जिस कारण बीएसएल, सीसीएल, बीसीसीएल प्रबंधन से कम दर में जमीन उपलब्ध हुई। और आज ये एक व्यवसाय के रूप मे शिक्षा को बेच रहे। ट्रस्ट व संस्थान जब रजिस्टर्ड कराते हैं तो वे नो प्रॉफिट नो लोस्स के तहत निबंधन करवाते। उसके बाद प्रत्येक निजी स्कूल द्वारा प्रति वर्ष करोड़ों रुपये की अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा। इन स्कूलों द्वारा आवंटित जमीन के अलावा सैकड़ों एकड़ जमीन, स्कूल भवन का नक्शा, पार्किंग के नाम पर अवैध कब्जा, प्रति वर्ष बुक परिवर्तन कर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। कितामों पर मनमानी तरीके से राशि प्रिंट कर 70 फीसदी तक कमिशन के रूप में कमाई कर रहे हैं। सभी निजी स्कूल किसी एक संवेदक द्वारा ही बुक को बेच रहे हैं। इसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को करनी चाहिये। प्रतिवर्ष अभिभावकों का शोषण किया जाता है। विभाग भी जानता किस स्कूल ने कितनी फीस की बढ़ोतरी की क्योंकि इनके भी बच्चे भी इसी स्कूलों से शिक्षा ग्रहण करते है। जिला डीसी की अध्यक्षता में झारखंड अभिभावक संघ व सभी स्कूल प्रबंधन के सदस्य बैठक कर सात दिनों के अंदर निजी स्कूलों की 2021-22-23 की सत्रों का बुक परिवर्तन, फीस व री एडमिशन की जांच न हुई तो झारखंड अभिभावक संघ जिला डीसी कार्यालय के समक्ष जनाक्रोश प्रदर्शन करेगा।

## ढुल्लू महतो के नेतृत्व व कार्यकर्ताओं की मेहनत से बीसीसीएल में सात हजार सदस्य : शत्रुघ्न



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** सिनवारटांड़ स्थित सावित्री पैलेस में रविवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन बरोरा क्षेत्र का तृतीय सम्मलेन आयोजित हुआ। अपने संबोधन में अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पिछला सम्मेलन 26 मार्च 2012 को डुमरा सामुदायिक भवन में हुई थी। मुझे खेद है कि यह सम्मेलन कतिपय कारणों से विलंब से हो रहा है। कई साल के अंतराल के बाद हमें पुनः एक बार मौका मिला है कि हम बीते सालों के कामकाज की समीक्षा कर सकें एवं आने वाले कुछ एक वर्षों के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि पहले हम लोग विधायक जी के नेतृत्व वाले यूनियन झारखंड विकास श्रमिक संघ करते थे। जब हमलोग इस यूनियन में सम्मिलित हुए तब पूरे बीसीसीएल में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की लगभग डेढ़ हजार सदस्यता थी। जिसमें बरोरा क्षेत्र की सदस्यता 160 थी। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के नेतृत्व में बरोरा क्षेत्र के सभी जुझारू साथियों से मिलकर एक साल के अंदर 1311 सदस्य बनाए और बरोरा क्षेत्र के नंबर वन यूनियन बन गया है। हमारे यूनियन को बरोरा क्षेत्र के कर्मियों के लाड़ दुलार प्यार और आशीर्वाद आज भी मिल रहा है और आज भी हमारी यूनियन बरोरा क्षेत्र में नंबर वन के ताज को बरकरार रखी है। वर्ष 2022 में बरोरा क्षेत्र के कुल 1800 मैन पावर में से 1309 हमारे यूनियन के सदस्य हैं । इसी तरह से पूरे बीसीसीएल में विधायक के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत से लगभग 7000 सदस्य है। मौके पर संतोष गोराई, देवानंद साव, नर्मदेश्वर पाण्डेय, प्रदीप वर्मा, नंदू यादव, तुलसी साव, रघुनाथ प्रसाद, मोहम्मद शरीफ आदि मौजूद थे।

## सकारात्मक वार्ता के बाद राम अवतार आउटसोर्सिंग में मजदूरों का चक्का जाम हड़ताल वापस लेने का निर्णय



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी में संचालित राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों का चक्का जाम हड़ताल रविवार को वार्ता के बाद समाप्त हो गया। सुबह थाना परिसर में प्रभारी थानेदार निरंजन महतो व एएसआई सीपी मेहता की मौजदूगी में कंपनी प्रबंधन अंकित सिंह, सुनील सिंह एवं मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता हुई। करीब डेढ़ घंटे चली वार्ता में कंपनी प्रबंधन ने पांचों मांगों को मान लिया। यही नहीं मांगों को दो माह के भीतर पूरा करने का आश्वासन भी दिया। ज्ञात हो कि मजदूरों ने पांच सूत्री मांग के लिए कंपनी का काम बंद कर दिया था। मांगों में एचपीसी, बैंक द्वारा भुगतान, परिचय पत्र, पीएफ कटौती, सुरक्षा किट आदि शामिल है। मजदूरों ने समय पर वेतन भुगतान करने की मांग भी की है। कंपनी में कार्यरत जितेंद्र चौहान नामक एक कर्मी वार्ता के दौरान थाना में बिलख कर रो रहा था। क्योंकि उसे काम से बिठा दिया गया था। बीसीसीएल के अधिकारी से बदतमीज करने का उसपर आरोप था। बीसीसीएल अधिकारी ने पत्र लिखकर जितेंद्र को काम से बैठाने को कहा। इस पर मजदूरों ने जितेंद्र को वापस काम पर रखने की मांग भी उठाई। इस पर प्रबंधन जितेंद्र को फिर से काम पर रखने को राजी हो गया। वार्ता में बीसीसीएल कर्मी मनोज मुखिया, रंजीत पासवान प्रकाश सिंह, महेश कुमार सिन्हा, मनोज कुमार चौहान, अरुण भुइया, राकेश चौहान, सफल महतो, तपन गोराई, शब्बीर अंसारी, संदीप कुमार, धर्मेन्द्र सिंह आदि थे।

## सचिवालय घेराव को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने बनायी मानव श्रृंखला




मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन करते भाजपाई।

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही).।** राज्य की हेमंत सरकार की लचर नीतियों का विरोध व अपनी मांगों के समर्थन में भाजपा ने 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय घेराव की घोषणा की है। घेराव को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने रविवार की सुबह चिरकुंडा शहीद चौक के समीप मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान लोगों से सचिवालय घेराव में शामिल होने के लिए रांची चलने की अपील की गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे भाजपा के धनबाद जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार ने अब तक जनता को सिर्फ छला है और लूट-खसोट में लगी हुई है। जनता त्राहिमाम कर रही है। सरकार पानी, बिजली, स्वास्थ्य जैसी जनता को बुनियादी सुविधाओं को देने में भी पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रष्ट सरकार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। इसे मुकाम तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर जिला मंत्री अनिल यादव, धीरज सिंह, बापी सेनगुप्ता, जगरनाथ सिंह, अभिषेक दास, सुनीता देवी, मून विलियम, नंदलाल कुमार, पार्षद सुशील चंद्रवंशी, प्रदीप गोराई, रिंटू पाठक, इरफान खान, मदन शर्मा, संतोष सिंह, लक्ष्मण, रीना बनर्जी, आजाद खान, पवन शर्मा, भोला पासवान आदि मौजूद थे।

### संगठन से बढ़कर कोई नहीं, कार्यकर्ता इसके हित में सोचें: विधायक डॉ लंबोदर महतो

# आजसू को और मजबूत-धारदार बनाने के लिए लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ें: चंद्र प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक में उपस्थित सांसद-विधायक व अन्य।

**जैनामोड।** आजसू को संगठित और मजबूत बनाने के लिए रविवार को जैनामोड़ रॉयल गार्डन सभागार में पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो एवं संचालन प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए। कार्यसमिति बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू करने की बात कही। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं व समर्थकों को बोकारो में संगठन को धारदार बनाने के लिए लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ने की अपील की। वहीं, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि 13 अप्रैल को सभी जिलों में नियोजन नीति,जातीय जनगणना, आरक्षण और नौकरी के सवाल को लेकर जिला स्तरीय समाजिक न्याय मार्च निकाला जाएगा। इस न्याय मार्च में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि संगठन से बढकर कोई नहीं है। इसलिए पार्टी के प्रति सभी अपना दायित्व का निर्वहन करें। पूरे राज्य में संगठन को मजबूत करना हमारा दायित्व है। इसलिए पार्टी ने अपना कार्यक्रम घोषित किया है। आने वाले समय में 14 अप्रैल को बाबा अंबेडकर जंयती का आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में, 23 अप्रैल को राज्यस्तरीय समाजिक न्याय मार्च रांची में, 25 अप्रैल को शहीद गंगा नारायण सिंह की जंयती समारोह का आयोजन, 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन भोगनाडीह, साहेबगंज में, 30 अप्रैल को अनुसूचित जाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन चतरा और 6-7 एवं 8 अक्टूबर को केंद्रीय महाधिवेशन रांची में होगा। सभा समाप्ति के बाद मंत्री जगरनाथ महतो, पार्टी के संस्थापक सदस्य मानिक चंद्र महतो एवं पार्टी के ओबसी मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार महतो के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी, केंद्रीय सचिव अश्विनी महतो, राजेश विश्वकर्मा, संतोष महतो, नवीन महतो, टिकैत महतो, हिमांशु महतो, रमा देवी, अशोक महतो, कार्तिक गोराई, लक्ष्मण प्रसाद सिंह, प्रभात मिश्रा, प्रकाश शर्मा, अजय गोस्वामी, नरेश महतो, मानिक माहथा, खुदेश्वरी देवी, महेश देशमुख, संटु सिंह, तापेश महतो, अरूण महतो, नरेंद्र महतो, परशुराम महतो, मनोज दास, धनलाल कपरदार, मिथिलेश महतो आदि उपस्थित थे।

## समारोह आयोजित कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला पदाधियारियों का किया अभिनंदन



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मोड़ पर रविवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर पार्टी के नव मनोनित जिला महासचिव असलम मंसूरी, राजकुमार महतो व जिला सचिव शाहरुख खान का अभिनंदन किया। नागरिकों द्वारा तीनों नेताओं को फुल माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला महासचिव असलम मंसूरी ने कहा कि यहां के मजदूरों, नागरिकों, दुकानदारों और छोटे-बड़े सभी भाईयों से मिले आशीर्वाद की वजह से आज वे लोग इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जब भी समाज का कोई भी काम उनके सामने आया तो बढ़ चढ़ कर उसे पूरा किया। जरुरतमंद लोगों के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले है। वहीं, राजकुमार महतो ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि राम रहीम को उंचाईयों पर चढ़ता देख जलें नहीं, जनता का काम करेंगे तो अपने आप उपर की ओर बढ़ेंगे। इस मौके पर इम्तियाज अहमद, क्यूम आलम, डब्ल्यू पासवान, कारु गुप्ता, विशाल महतो आदि उपस्थित थे।

फर्जी और झूठी खबरों पर लगाम कसना जरूरी, रिजिजू बोले

# फैक्ट चेक यूनिट बनायेगी सरकार



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि फर्जी और झूठी खबरों की पहचान से संबंधित नियमों में संशोधन परामर्श प्रक्रिया के तहत है लेकिन इन्हें लागू करने से पहले काफी विचार-विमर्श की जरूरत है। कानूनी सहायता कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा, हम पूरी चुनाव प्रक्रिया में कुछ खास संशोधन करने पर विचार कर रहे हैं। मैं कोई वादा नहीं कर सकता क्योंकि यह परामर्श प्रक्रिया है जो जारी है। इसलिए फर्जी खबरें, झूठी खबरें और तथ्यों के साथ छेड़छाड़...ये सभी महत्वपूर्ण बातें हैं जिन पर काफी चर्चा की जरूरत है। हम वह कर रहे हैं।'' इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिक संहिता) संशोधन नियमावली 2023 अधिसूचित की है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्ष में एकता संबंधी नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आह्वान पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि यह बस सत्तारूढ़ दल की ताकत को दर्शाता है।

## ब्रिटेन में लड़के-लड़कियों के लिए कॉमन टॉयलेट

**ब्रिटेन (एजेंसी)।** 70 बरस की उम्र में वो सज्जन पहली बार अमेरिका गए। बिहार के एक सामंती घर में जन्मे और मर्दवादी परिवेश में पले-बढ़े उन्हें पहले ही जेंडर के लिहाज से बदलती दुनिया रास नहीं आ रही थी। उनकी कामकाजी पत्नी ने नौकरी के साथ हमेशा घर-परिवार की कमान भी अकेले संभाले रखी और उनसे किसी साझेदारी और मदद की उम्मीद नहीं की। न ही इस बात के लिए कभी उन्हें उलाहना (शिकायत) मिली। उन्हें लड़कियों के पढ़-लिख जाने, नौकरी करने और पैसे कमाने से कोई ऐतराज न था, बनिस्बतन वे मां, पत्नी, बहू और सेविका की अपनी अन्य भूमिकाओं के साथ कोई समझौता न करें और मर्द पर सवाल तो कतई न करें। उन्हें आपत्ति इस बात से भी नहीं थी कि अमेरिका में रह रहा उनका बेटा घर के कामों में अपनी पत्नी का हाथ बंटाता था। वॉशिंग मशीन में कपड़े डाल देता, बच्चे का डाइपर बदल देता, बर्तन धोता और यहां तक कि खाना भी बनाता था।







काशी-महाकाल के बाद देवभूमि कॉरिडोर

# द्वारका में 108 फीट ऊंची कृष्ण प्रतिमा लगेगी



एजेंसी

**गांधीनगर।** काशी विश्वनाथ (वाराणसी), महाकाल लोक (उज्जैन) और मथुरा कॉरिडोर (मथुरा) के बाद अब द्वारका (गुजरात) में देवभूमि कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। केंद्र सरकार इसे पश्चिम भारत का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बनाने जा रही है। गुजरात के सबसे बड़े धार्मिक प्रोजेक्ट से न सिर्फ द्वारका की सूरत बदलेगी, बल्कि शिवराजपुर समुद्री इलाके को भी डेवलप किया जायेगा। द्वारका-पोरबंदर-सोमनाथ लिंक प्रोजेक्ट भी शुरू होगा। पोरबंदर सुदामा की जन्मस्थली है, जबकि सोमनाथ के पास श्रीकृष्ण ने देह त्यागी थी। द्वारका से 13 किमी दूर शिवराजपुर बीच एवं 23 किमी दूर ओखा बीच की सूरत बदलने का प्लान है। जन्माष्टमी (6-7 सितंबर) से द्वारका देवभूमि कॉरिडोर का काम शुरू होगा। महाकाल लोक की तर्ज पर द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर से लेकर बेट द्वारका और ज्योतिर्लिंग नागेश्वर तक सभी मंदिरों को जोड़ा जायेगा। इनमें द्वारकाधीश मंदिर, रुक्मिणी-बलराम मंदिर, सांवलियाजी मंदिर, गोवर्धननाथ मंदिर, महाप्रभु बैठक, वासुदेव, हनुमान मंदिर से लेकर नारायण मंदिर तक शामिल हैं।

### बेट द्वारका में गैलरी बनेगी

बेट द्वारका आइलैंड को विश्वस्तर का बनाने की तैयारी है। पहले फेज पर 138 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां इको टूरिज्म, वाटर स्पोर्ट्स, मरीन इंटरप्रिटेशन सेंटर, लेक फ्रंट, डॉल्फिन व्यूइंग गैलरी समेत कई प्रोजेक्ट शुरू होंगे। डूबी द्वारका नगरी देखने के लिए विशेष गैलरी बनेगी। सिग्नेचर ब्रिज बनने के बाद पैदल ही बेट द्वारका तक पहुंचा जा सकेगा। अभी नावों के जरिए ही बेद द्वारका तक जाना पड़ता है।

### द्वारका को जोड़ेगा रामसेतु 'सिग्नेचर' ब्रिज

**ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाला सिग्नेचर ब्रिज तैयार हो रहा है। 2320 मीटर लंबे इस फोर लेन ब्रिज को देश का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज कहा जाता है। इस पर 870 करोड़ रुपए खर्च आ रहा है। ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाला सिग्नेचर ब्रिज का काम सितंबर तक पूरा होने की संभावना है। ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाला सिग्नेचर ब्रिज का काम सितंबर तक पूरा होने की संभावना है।**

### ऋषि दुर्वासा का वृक्ष, गोपी तालाब की सूरत बदलेगी

**लक्ष्मीनारायण मंदिर के आंगन में ऐतिहासिक पेड़ है। कहा जाता है यहां ऋषि दुर्वासा ने तपस्या की थी। पर्यटकों के लिए यह पेड़ आकर्षण बनेगा। गोपी तालाब भी रेनोवेट होगा। यही वह दिव्य स्थान है, जहां महाभारत के बाद सभी गोपियां समा गई थीं। इसी तालाब की मिट्टी को गोपी चंदन कहा जाता है।**

# 8 अप्रैल को प्रारंभिक स्टेशनों से रद्द की गयी ट्रेनें

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 03357 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल बरौनी से 09 अप्रैल को प्रारंभिक स्टेशनों से रद्द की गई ट्रेनें, 12801 पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पुरी से, 12802 नयी दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस नयी दिल्ली से,12819 भुवनेश्वर-आनंद विहार ओडिशा संपर्क क्रांति भुवनेश्वर से,22861 हावड़ा-कांटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस हावड़ा से,12872 टिटिलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस टिटिलागढ़ से,12875 पुरी से पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस, 12876 आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस आनंद विहार से, हावड़ा से 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस, जगदलपुर से 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस, 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल भुवनेश्वर से, 20818 नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस नयी दिल्ली से,13351 धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस धनबाद से, 13352 एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस एलेप्पी से।

### 12 अप्रैल को मूल स्टेशनों से रद्द की गयी ट्रेनें

**03358 कोयंबटूर-भोजुडीह एक्सप्रेस कोयंबटूर से ट्रेनों का डायवर्जन 18477/18478 पुरी-ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 09 एवं 10/04/2023 को संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आइबी स्टेशनों से होकर चलेगी. 09/04/2023 को संतरागाछी से 12950 संतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस खड़गपुर-भद्रक-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आइबी स्टेशनों से होकर चलेगी।**

### 10 अप्रैल को मूल स्टेशनों से रद्द की गयीं ट्रेनें

**22806 आनंद विहार-भुवनेश्वर सुपर फास्ट आनंद विहार से,12801 पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पुरी से, 12802 नयी दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस नयी दिल्ली से, 22862 कांटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस कांटाबांजी से,12871 हावड़ा-टिटिलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस हावड़ा से, हावड़ा से 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस, जगदलपुर से 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर से 22823 भुवनेश्वर से नयीं दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल धनबाद से, 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल भुवनेश्वर से, 13351 धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस धनबाद से, पुरुलिया से 22605 पुरुलिया-विलुपुरम एक्सप्रेस, 15629 15629 तांबरम-सिलघाट टाउन एक्सप्रेस तांबरम से, न्यू तिनसुकिया से 15930 न्यू तिनसुकिया-तांबरम एक्सप्रेस।**

# रामनगरी से शिंदे ने की हुंकार: शिवसेना-भाजपा गठबंधन पूरे महाराष्ट्र में लहरायेगा भगवा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन का भगवा महाराष्ट्र में पूरे बहुमत से लहराएगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे शिंदे ने संवाददाता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा, आने वाले चुनाव में हमारी भूमिका बिल्कुल स्पष्ट है। हमारा भाजपा के साथ गठबंधन है। हम अयोध्या से ऊर्जा लेकर जाएंगे और 2024 में शिवसेना भाजपा का भगवा महाराष्ट्र में पूरे बहुमत से लहरायेगा। शिंदे ने दावा किया कि अयोध्या और राम मंदिर शिवसेना तथा भाजपा के लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, यह हमारी आस्था और श्रद्धा का विषय है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, ₹कई लोगों को हिंदुत्व से एलर्जी रही है और अब भी हो रही है। कई लोग जानबूझकर हिंदुत्व का अपमान कर रहे थे जबकि हिंदू धर्म एक जीवन प्रणाली है जिसमें एक सहिष्णुता है लेकिन कई लोगों को लगता है कि हिंदुत्व अगर सभी के मन में बस जाएगा तो हमारी राजनीतिक दुकान बंद हो जायेगी। उन्होंने कहा, ह्यह्यइसी डर की वजह से आजादी के बाद से कई लोगों ने लगातार ऐसी कोशिश की, लेकिन वर्ष 2014 में हिंदुत्व के विचार वाली सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश में स्थापित हुई तब हिंदुत्व का जागरण हुआ।

## आकांक्षा दुबे मौत मामले में आरोपी समर सिंह की जमानत याचिका खारिज, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल



**वाराणसी (एजेंसी)।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में आरोपी गायक समर सिंह की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही पुलिस ने उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। दरअसल, पुलिस ने आरोपी समर सिंह को बीते शनिवार की शाम को रिमांड मजिस्ट्रेट तृप्ति सिंह की अदालत में पेश किया। जहां पर पुलिस ने समर सिंह को 72 घंटों की कस्टडी रिमांड पर रखने की अनुमति मांगी। इस पर अदालत ने पुलिस को सारनाथ थाने से संबंधित कोर्ट के सामने 10 अप्रैल को प्रार्थना पत्र पेश करने के लिए कहा है। बता दें कि, भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे बीते 26 मार्च को वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं। उनके गले में फांसी का फंदा लगा पाया गया था। इस मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आकांक्षा भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर की निवासी थीं। आकांक्षा की मौत के बाद उसकी मां मधु दुबे की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक समर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही समर सिंह और उसका भाई फरार हो गए थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। जिसके बाद 6 अप्रैल की रात गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के घर ठहरने गये समर सिंह को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे गाजियाबाद की अदालत में पेश कर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर सड़क मार्ग से शनिवार की सुबह वाराणसी लेकर आयी। लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने समर सिंह को रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। उधर, संजय सिंह की तलाश में सारनाथ थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की तीन टीमों की दबिश जारी है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**